राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 251
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 05 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में कार के अंदर मिली 2 लाश
पेज 4 हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक
पेज 6 सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद फिट होने के लिए एनसीए पहुंचे

## संक्षिप्त खबरें

### थार ने सड़क किनारे खड़े 4 लोगों को रौंदा

**रोहतास।** रोहतास में बेकाबू थार ने 4 लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। 3 साल की बच्ची और 2 लोगों की हालत गंभीर है। हादसा काराकाट थाने के जमुआ पेट्रोल पंप के पास रविवार को शाम 6 बजे हुआ। मृतका की पहचान जमुआ गांव निवासी इंदु देवी (47) के रूप में हुई है। पेट्रोल पंप के सीसीटीवी में पूरा हादसा कैद हुआ है। इसमें सड़क पर तेज रफ्तार थार आती दिख रही है। थार पहले महिला को टक्कर मारती है फिर दीवार पर बैठे लोगों को। इसके बाद वो सड़क किनारे गिर जाती है। बताया जा रहा है कि गाड़ी में सवार लोग नशे में थे।

### शिमला में 3 घरों पर लैंडस्लाइड

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में बीते 24 घंटे से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। शिमला जिले के रामपुर-कुशवा में सोमवार अलसुबह 3 बजे भारी बारिश से लैंडस्लाइड हुआ। इससे 3 घरों और 3 हजार से ज्यादा सेब के पौधों को नुकसान हुआ है। जिन 3 घरों पर मलबा गिरा, उनमें चरणदास, सुरजीत और राजीव कुमार के परिवार रहते हैं। ये परिवार रात में ही मकान छोड़ जान बचाकर भागने को मजबूर हुए। बिलासपुर में सतलुज नदी पर बने कोल-डैम से दोपहर 1 बजे पानी छोड़ा गया। इससे सतलुज नदी में पानी का स्तर 4 से 5 मीटर बढ़ गया है। इसे देखते हुए हिमाचल से पंजाब तक के लोगों को अलर्ट किया गया है।

## विरोध प्रदर्शन




दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली में भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# ट्रम्प की धमकी- भारत पर ज्यादा टैरिफ लगाएंगे

## कहा- रूसी तेल मुनाफे पर बेच रहा; भारत बोला- हमारी बुराई करने वाले रूस से व्यापार कर रहे

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर और ज्यादा टैरिफ लगाने की धमकी दी है। उन्होंने सोमवार को कहा कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे खुले बाजार में मुनाफे के साथ बेच रहा है।


ट्रम्प ने कहा कि भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि रूस के हमले से यूक्रेन में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इस वजह मैं भारत पर लगने वाले टैरिफ में भारी इजाफा करूंगा। इससे पहले अमेरिकी राष्टपति ने शुक्रवार को कहा था कि ऐसी खबरें हैं कि भारत ज्यादा दिन तक रूस से तेल नहीं खरीदेगा।

दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव और कीमत बढ़ने की वजह से रूस से तेल खरीदना लगभग बंद कर दिया है।

हालांकि इन दावों को खारिज करते हुए ANI ने कहा था कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय इस पूरे मुद्दे पर कहा कि भारत की आलोचना करने वाले देश खुद रूस के साथ खूब व्यापार कर रहे हैं, वो भी बिना किसी मजबूरी के।

### भारत बोला- आर्थिक सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे

भारत सरकार ने कहा है कि रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिका और यूरोपीय संघ भारत की आलोचना कर रहे हैं, जो ठीक नहीं है। भारत ने साफ कहा कि वह अपने राष्टीय हितों और आर्थिक सुरक्षा बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। भारत की आलोचना गलत है।



विदेश मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत को रूस से तेल खरीदना पड़ा, क्योंकि उसका पुराने ऑयल सप्लायर यूरोप को सप्लाई करने लगे थे।

उस वक्त अमेरिका ने भारत को ऐसा करने के लिए बढ़ावा दिया था।

# पुर्व सीएम शिबू सोरेन का निधन

## रांची पहुंचा पार्थिव देह, रामगढ़ में आज अंतिम संस्कार किया जाएगा, छोटे बेटे बसंत सोरेन मुखाग्नि देंगे



**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर दिल्ली से रांची लाया गया। शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर एयरपोर्ट से सीधे मोरहाबादी आवास लाया गया। आज रामगढ़ के नेमरा गांव में दोपहर 12 बजे शिबू सोरेन का अंतिम संस्कार किया जाएगा। इसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी शामिल होंगे। छोटे बेटे बसंत सोरेन उन्हें मुखाग्नि देंगे।

राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने गंगाराम अस्पताल पहुंचकर शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, मीसा भारती, मनोज झा और आरजेडी के कई नेताओं ने भी अस्पताल में परिवार से मुलाकात की।

दिशोम गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध सोरेन ने आज सुबह दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे 81 साल के थे। सोरेन पिछले डेढ़ महीने से अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इससे उनके शरीर के बायीं ओर पैरालिसिस हो गया था। वे पिछले एक महीने से लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे। न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही थी। शिबू सोरेन लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। वे बीते एक साल से डायलिसिस पर थे। उन्हें डायबिटीज थी और हार्ट की बायपास सर्जरी भी हो चुकी थी। बीते कुछ दिनों से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी।

### यूपीए कार्यकाल में रहे थे कोयला मंत्री

शिबू सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक थे। वह यूपीए के पहले कार्यकाल के दौरान कोयला मंत्री रह चुके थे। हालांकि चिरूडीह हत्याकांड में नाम आने के बाद उन्होंने केंद्रीय मंत्रीमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

## सीएम की सुरक्षा में चूक, गलत जगह उतारा चार्टर प्लेन

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। पायलटों ने सीएम का चार्टर विमान गलत जगह पर लैंड करा दिया। मामला 31 जुलाई का दोपहर 1: 18 बजे का है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने जांच शुरू कर दी है। वहीं, चार्टर प्लेन संचालन कंपनी ने रिपोर्ट में बताया कि दोनों एयरस्ट्रिप की स्थिति एक जैसी है, इसलिए भ्रम हुआ था। कंपनी की रिपोर्ट के बाद डीजीसीए ने फिलहाल दोनों पायलट को उड़ान ड्यूटी से हटा दिया है। दरअसल, चार दिन पहले सीएम जयपुर से फलोदी के लिए फाल्कन-2000 चार्टर विमान से रवाना हुए थे। उस समय विमान को फलोदी एयरफोर्स स्टेशन पर उतरना था। लेकिन वह गलती से शहर की सिविल एयरस्ट्रिप पर उतर गया।

# कांग्रेस सांसद से चेन छीनी

## डीएमके सांसद के साथ मॉर्निंग वॉक कर रही थीं; गृह मंत्री को लेटर लिखकर बोलीं- सदमे में हूं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कांग्रेस सांसद सुधा रामकृष्णन से चेन छीनने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार सुबह 6 बजे तमिलनाडु भवन के पास की है। वे डीएमके सांसद रजती के साथ सैर कर थीं, तभी जब स्कूटी पर सवार बदमाश ने घटना को अंजाम दिया।

चेन खींचने की वजह सांसद की गर्दन पर चोट आ गई है। दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सुधा ने सुधा ने लेटर लिखकर पुलिस, स्पीकर और गृह मंत्रालय को शिकायत की है। गृह मंत्री अमित शाह को लिखे लेटर में कहा, मेरी चार से ज्यादा



सॉवरेन (करीब 32 ग्राम) वजन की सोने की चेन खो गई और मैं इस आपराधिक हमले से बहुत सदमे में हूं। सुधा तमिलनाडु के मयिलादुथुराई से कांग्रेस की सांसद हैं। अभी संसद के मानसून सत्र में भाग लेने के लिए दिल्ली में हैं।

चाणक्यपुरी में जहां उनसे चेन छीनी गई, वह इलाका दिल्ली के सबसे सुरक्षित जगहों में से एक माना जाता है। यहां कई दूतावास और राज्य सरकारों के आधिकारिक आवास हैं।



## हैप्पी मॉर्निंग

शादी में लड़की की विदाई के वक्त
ससुर आंखों में आंसू लेकर दामाद
से बोला-
ध्यान रखना बेटा
दामाद भी भावुक होकर रोने लगा
घर जाकर एक महीने के बाद
दामाद को पता चला कि वो
उसे ही अपना खुद का
ध्यान रखने को कह
रहा था.....



## शायरी

ऊँचे कुल के कारणै, ब्राह्मन
कोय न होय।
जउ जानहि ब्रह्म आत्मा, रैदास
कहि ब्राह्मन सोय॥

## अर्थसार

सेंसेक्स:
81,018.72
+418.81 (0.52%)
निफ्टी:
24,722.75
+157.40



## मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूयोदय मंगलवार : 5 : 47
सूर्यास्त सोमवार : 7 : 12

# बिहार में शिक्षक भर्ती में डोमिसाइल लागू

## अब बिहार के लोगों को ही नौकरी में मिलेगी प्राथमिकता; चुनाव से पहले नीतीश का बड़ा फैसला



एजेंसी

**पटना।** चुनाव साल में नीतीश कुमार ने एक और बड़ी घोषणा की है। इसे बिहार सरकार का मास्टर स्ट्रोक बताया जा रहा है। नीतीश सरकार ने ऐलान किया है कि शिक्षक भर्ती में डोमिसाइल लागू किया जाएगा। ये व्यवस्था टीआरई-4 से ही लागू की जाएगी।

नीतीश कुमार ने सोमवार को एक्स पर लिखा- नवम्बर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हम लोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।

शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों को प्राथमिकता देने हेतु शिक्षा विभाग को संबंधित नियम में आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया गया है। यह टीआरई-4 से ही लागू किया जाएगा। वर्ष 2025 में टीआरई-4 एवं वर्ष 2026 में टीआरई-5 का आयोजन किया जाएगा। टीआरई-5 के आयोजन के पूर्व एसटीईटी का आयोजन करने का भी निदेश दिया गया है।

### सरकारी नौकरी में डोमिसाइल पॉलिसी लागू, राज्य की महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा

इसके पहले बिहार सरकार ने महिलाओं के लिए डोमिसाइल पॉलिसी लागू कर दी है। अब सरकारी नौकरियों में महिलाओं को इसका फायदा मिलेगा। बिहार की बाहर की महिलाओं को जनरल कैटेगरी में जोड़ा जाएगा। पहले दूसरे राज्यों की महिलाओं को भी 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता था। अब सिर्फ बिहार की महिलाओं को फायदा मिलेगा।

### डोमिसाइल लागू होने पर क्या होगा

किसी भी भर्ती में डोमिसाइल नीति लागू होने का मतलब है कि इस भर्ती में उस प्रदेश के लोग ही अप्लाई कर सकते हैं और नौकरी देने में सिर्फ उस राज्य के निवासियों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। जो भी संबधित राज्य का वोटर होगा, वो ही इस भर्ती में अप्लाई कर पाएगा। इसके अलावा माता-पिता के निवासी होने, पति के निवासी होने, घर होने आदि कई शर्तों से डोमिसाइल की कैटेगरी में शामिल हो सकते हैं।

## पलवल में व्यापारी के कारिंदे से 1 करोड़ रुपए लूटे

**पलवल।** हरियाणा के पलवल में नेशनल हाईवे-19 पर चलती बस में यात्री से बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में पुलिसकर्मी बनकर 1 करोड़ लूट लिए। व्यक्ति को गाड़ी में बंधक बनाकर इधर उधर घुमाते रहे और बाद में अगवानपुर गांव के जंगल में सुनसान जगह पर छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को इस बारदात के बारे में सूचना दी, तो हड़कंप मच गयया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू की। फिलहाल लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा है। पलवल के गदपुरी थाना प्रभारी अश्वनी कुमार के अनुसार, राजस्थान के सिकर जिले के विजयपुरा गांव निवासी रामप्रमेश्वर शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले 25 वर्षों से गुवाहाटी (असम) के व्यापारी सुरेश कुमार अग्रवाल के यहां काम करते हैं। उनके मालिक की वृंदावन में जमीन थी, जिसे कपिल देव उपाध्याय ने खरीदा था। इसी जमीन के एक करोड़ रुपए लेकर वह वापस जा रहे थे।

# लोकसभा में विपक्ष का बिहार एसआईआर पर हंगामा

## शिबू सोरेन के सम्मान में राज्यसभा आज 11 बजे तक सस्पेंड



**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का सोमवार को 11वां दिन है। दोनों सदनों में सुबह 11 बजे से कार्यवाही शुरू हुई। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने बिहार में वोटर्स लिस्ट रिवीजन के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद स्पीकर ने पहले 2 बजे तक और फिर कल 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी।

लोकसभा में आज केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया आज लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025 और नेशनल एंटी-डोपिंग एक्ट (अमेंडमेंट) बिल, 2025 पेश करने वाले हैं। दोनों बिलों पर एक साथ चर्चा की जाएगी। नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल का मकसद खेल संगठनों के कामकाज में पारदर्शिता बढ़ाना है।

वहीं, राज्यसभा में कार्यवाही शुरू होने के बाद सिटिंग सांसद शिबू सोरेन के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सांसदों ने उनके सम्मान में मौन रखा। इसके बाद सभापति हरिवंश नारायण सिंह ने राज्यसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए सस्पेंड कर दिया।

राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को 13 अगस्त से छह महीने और बढ़ाने का प्रस्ताव पेश करने वाले थे। इस प्रस्ताव को लोकसभा से 30 जुलाई को मंजूरी मिल गई है।

### मानसून सत्र 32 दिन चलेगा, 18 बैठकें होंगी

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक यानी कुल 32 दिन चलेगा। इस दौरान 18 बैठकें होंगी, 15 से ज्यादा बिल पेश होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण 13-14 अगस्त को संसद की कार्यवाही नहीं होगी। केंद्र सरकार मानसून सत्र में 8 नए बिल पेश करेगी, जबकि 7 लंबित बिलों पर चर्चा होगी। इनमें मणिपुर जीएसटी संशोधन बिल 2025, इनकम टैक्स बिल, नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल जैसे विधेयक शामिल हैं। पहले दिन नए इनकम टैक्स बिल पर बनी संसदीय कमेटी की रिपोर्ट लोकसभा में पेश होगी। कमेटी ने 285 सुझाव दिए हैं। 622 पन्नों वाला बिल 6 दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को रिप्लेस करेगा।

### 10 दिनों में अब तक सिर्फ दो दिन पूरे दिन चर्चा हुई

21 जुलाई को शुरू हुए मानसून सत्र के बाद से संसदीय कार्यवाही लगभग ठप रही है। बिहार में वोटरों के वेरिफिकेशन मामले पर विपक्षी पार्टियों ने हर दिन विरोध-प्रदर्शन किए। 10 दिनों के दौरान, सिर्फ 28 और 29 जुलाई को सदन में पूरे दिन की कार्यवाही चली। दोनों दिन, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर दोनों सदनों में चर्चा हुई थी।

# कांवड़ियों की गाड़ी में दौड़ा करंट, तालाब में कूदे, 5 मौतें

## भागलपुर में थाने के बाहर हंगामा; एसडीओ बोले- यहां से हटिए नेता मत बनिए

**भागलपुर।** भागलपुर में सुल्तानगंज के करीब रविवार देर रात हुए एक हादसे में 5 कांवड़ियों की मौत हो गई। 4 घायल हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल कांवड़िए अभिषेक ने बताया, 9 लोग पिकअप से गंगा स्नान के लिए सुल्तानगंज जा रहे थे। वहां से जल भरकर जेठौर नाथ मंदिर में पूजा करने वाले थे।

शाहकुंड-सुल्तानगंज सड़क पर बेलथू के महतो स्थान के पास ऑटो रिक्शा को ओवरटेक करते समय



पिकअप में करंट फैल गया। बचने के लिए वे 30 फीट नीचे पानी में कूद गए। ऊपर से उनके ऊपर गाड़ी गिर गई।

सभी मृतक एक ही गांव के रहने वाले थे। घटनास्थल पर मृतकों के चप्पल और कपड़े बिखरे पड़े हैं। जल भरने के लिए ले जा रहे 5 डब्बे भी घटनास्थल पर पड़े हुए हैं।

## हत्या या हादसा

### जानी थाना क्षेत्र के सिवालखास कस्बे में 4 थानों का पुलिस बल तैनात रखा गया है

# मेरठ में लापता 3 बच्चों के शव मिले, परिजन बोले- तंत्र-मंत्र में हत्या की

**मेरठ।** मेरठ में एक दिन पहले लापता 3 बच्चों की डेडबॉडी सोमवार सुबह पानी से भरे एक प्लॉट में मिली। दो बच्चों के कान और सिर से खून निकल रहा था। परिजनों का आरोप है कि तंत्र-मंत्र के चक्कर में मेरे बच्चों की हत्या की गई है। फिर उनके शव प्लॉट में फेंक दिए गए। तीनों बच्चे रविवार सुबह घर से खेलने के लिए निकले थे। इसके बाद वह लापता हो गए। वहीं पुलिस का कहना है कि बच्चों की मौत प्लॉट में भरे पानी में डूबने से हुई है। पोस्टमॉर्टम के बाद सोमवार दोपहर 3.30 बजे तीनों बच्चों की बॉडी को परिवार के सुपुर्द किया गया। गुस्साए परिजनों ने अपने



ऋतिक मानवी शिव

घरों के बाहर बॉडी को रख दिया। इसके बाद हंगामा शुरू हुआ। परिवार आने बच्चों के कातिल को सामने लाने की मांग पर अड़ गए। 3 घंटे हंगामा चला। फिर एडीएम सिटी ब्रजेश कुमार मौके पर पहुंचे। परिवार को समझाया। तीनों परिवारों को अपनी तरफ से 25-25 हजार रुपए नगद दिए। दो परिवारों को 4-4 लाख रुपए मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिवारों ने अपने बच्चों का अंतिम संस्कार किया। तनाव को देखते हुए जानी थाना क्षेत्र के सिवालखास कस्बे में 4 थानों का पुलिस बल तैनात रखा गया है।

### ग्राउंड में खेलते समय तीनों बच्चे लापता हुए

सिवाल खास में मानवी (9) पुत्र जितेंद्र, ऋतिक (8) पुत्र हिम्मत और शिबू (8) पुत्र मोनू यह तीनों बच्चे कस्बा सिवाल खास वार्ड नंबर 8 के निवासी हैं। रविवार को छुट्टी का दिन था। बच्चे घर के सामने ग्राउंड में खेल रहे थे। तभी खेलते-खेलते अचानक सुबह करीब 11 बजे लापता हो गए। जब बच्चे देर तक घर नहीं लौटे तो उनके परिवार वाले उनकी तलाश करने लगे। बच्चों का कहीं पता नहीं चला। बच्चों के परिजनों ने जानी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। सोमवार सुबह बच्चों की डेडबॉडी उनके घर से करी 200 मीटर दूर पानी से भरे एक प्लॉट में मिली। शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।

### घरवालों ने कहा- तंत्र मंत्र में बच्चों की हत्या की गई

परिजनों का कहना है कि मेरे बच्चों की तंत्र-मंत्र में हत्या की गई। फिर उनके शव प्लॉट में फेंक दिए गए। बताया कि बच्चों की नाक और मुंह से खून बह रहा था। इससे साफ पता चलता है कि उनकी हत्या की गई है।

## संपादकीय

# यादव सिर्फ चुनावी हिंदू? यूपी सरकार का आदेश, संविधान और जातीय न्याय पर बड़ा सवाल



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

'जब सत्ता कानून की आंख पर पट्टी बांधकर सिर्फ जाति देखती है — तब न्याय अंधा नहीं, पक्षपाती हो जाता है।'

6 जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक आदेश ने उत्तर प्रदेश की राजनीति और सामाजिक ताने-बाने में हलचल मचा दी।

पंचायत निदेशक और सभी जिलाधिकारियों को भेजे गए पत्र में साफ़ लिखा गया — प्रदेश की 57,691 ग्राम पंचायतों में विशेष जाति (यादव) और धर्म (मुस्लिम) के लोगों द्वारा ग्राम सभा की भूमि, पोखर, खाद गड्ढे, खेल मैदान, चारागाह, पंचायत भवन आदि पर कब्ज़ों की जांच कर उन्हें मुक्त कराया जाए।

आदेश में न तो 'सभी' अवैध कब्ज़ों की बात थी, न ही पारदर्शी सर्वे का जिक्र — बल्कि जाति और धर्म का खुला उल्लेख था।

### संविधान की कसौटी पर

1. अनुच्छेद 14 , समानता का अधिकार
सरकारी कार्रवाई में समानता और भेदभाव-रहित दृष्टिकोण अनिवार्य है। जाति/धर्म आधारित लक्ष्यीकरण इस अनुच्छेद की भावना के विपरीत है।
2. अनुच्छेद 15 , भेदभाव का निषेध राज्य किसी भी नागरिक के साथ केवल जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकता। यह आदेश सीधे इस प्रावधान से टकराता है।
3. अनुच्छेद 21 , गरिमा और स्वतंत्रता का अधिकार किसी पूरी जाति को अपराधी मानना गरिमा पर आघात है।

### न्यायालय ने क्या कहा है

- इंद्रा साहनी बनाम भारत सरकार (1992) जाति को प्रशासनिक निर्णयों का आधार बनाना संवेदनशील विषय है और इसे ठोस, सार्वभौमिक कारणों से ही किया जा सकता है।
- अनवर अली सरकार बनाम उत्तर प्रदेश (1952) किसी समूह को मनमाने ढंग से टारगेट करना असंवैधानिक है।
- डी.के. बसु बनाम पश्चिम बंगाल (1997) सरकारी कार्रवाई में सम्मान और गरिमा की रक्षा जरूरी है।

### चुनावी हिंदू' की राजनीति

यादव समाज — लगभग 5 करोड़ की आबादी वाला, ज्यादातर किसान , यूपी की राजनीति में दशकों से निर्णायक भूमिका निभाता है।
लेकिन इस आदेश से यह संदेश गया कि सत्ता में रहते हुए भी उन्हें 'संदेह की निगाह' से देखा जा सकता है।
यही वह जगह है जहां 'यादव सिर्फ चुनावी हिंदू हैं' वाली धारणा और गहरी हो जाती है चुनाव के समय साथ, बाकी समय शक।

### खतरनाक परंपरा का बीज

आज निशाना यादव हैं, कल आपकी जाति या समुदाय हो सकता है।
अगर सरकारें अवैध कब्जे जैसे मुद्दों पर भी जातीय आधार पर कार्रवाई करने लगें, तो यह न सिर्फ सामाजिक सौहार्द बल्कि राज्य की स्थिरता के लिए भी घातक होगा।

### क्या होना चाहिए

1. निष्पक्ष सर्वे . जांच बिना जाति/धर्म के उल्लेख के हो।
2. सार्वजनिक डेटा . रिपोर्टें खुले पोर्टल पर उपलब्ध हों।
3. एक समान कानूनी मानक . कार्रवाई व्यक्ति के कृत्य पर हो, उसकी पहचान पर नहीं।

लोकतंत्र की ताकत निष्पक्षता में है।
जब कानून का तराजू सिर्फ एक तरफ झुकने लगे, तो जनता का भरोसा टूटता है।
उत्तर प्रदेश सरकार को चाहिए कि इस आदेश की भाषा और दिशा पर पुनर्विचार करे ताकि यह न केवल कानूनी रूप से टिक सके, बल्कि सामाजिक समरसता की मिसाल भी पेश कर सके।
और आखिर में एक सवाल अगर कल यह आदेश आपकी जाति के लिए आ जाए, तो क्या तब भी आप चुप रहेंगे ?

# जनभागीदारी से संरक्षित होगी आर्थिक संप्रभुता

ट्रंप की टैरिफ दादागीरी और तमाम देशों के आर्थिक संरक्षणवाद से भारत के लिए उभरी आर्थिक चुनौतियों के बीच स्वदेशी का मंत्र ही एक कारगर विकल्प सिद्ध हो सकता है।

वाराणसी में अपने लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का आह्वान किया है कि संकल्प लें कि हम अपने घर स्वदेशी सामान ही लाएंगे। उल्लेखनीय है कि कोरोना संकट के दौरान जब वैश्विक आपूर्ति शृंखला डगमगाई थी, तब भी प्रधानमंत्री ने देश में स्वदेशी आंदोलन का आह्वान किया था।

निस्संदेह, इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन हकीकत है कि अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं हुए। आज के ऐसे दौर में जब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं घोर संरक्षणवाद का सहारा ले रही हैं, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को स्वदेशी के संकल्प से ही संरक्षण देना होगा। ये कदम मौजूदा आर्थिक परिदृश्य में अपरिहार्य हैं क्योंकि दुनिया के तमाम देश अपने-अपने आर्थिक हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर अन्यायपूर्ण ढंग से लगाया गया 25 फीसदी का टैरिफ इस कड़ी का ही विस्तार है।

ऐसे वक्त में जब भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तो हमें घरेलू अर्थव्यवस्था का स्वास्थ्य सुधारने को अपनी प्राथमिकता बनाना ही होगा। यदि हमारी अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर होगी तो फिर कोई वैश्विक नेता दबाव बनाकर हमारी विदेश व आर्थिक नीतियों को प्रभावित न कर सकेगा। विडंबना यह है कि चीन के लगातार शत्रुतापूर्ण व्यवहार व सीमा पर तनाव के बावजूद चीनी उत्पादों का आयात बढ़ता ही जा रहा है। यहां तक कि हमारे त्योहारों का सामान भी चीन से बनकर आ रहा है।

इसमें दो राय नहीं कि स्वदेशी का संकल्प देश की वर्तमान जरूरत है, लेकिन देश के उद्यमियों को भी सुनिश्चित करना होगा कि स्वदेशी वस्तुओं का विकल्प गुणवत्तापूर्ण हो।

आज के उपभोक्तावादी युग में लोग गुणवत्ता से समझौता करने को तैयार नहीं होते। उद्यमियों को सोचना होगा कि कैसे चीन के उद्यमी कम लागत में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध करा रहे हैं। सरकार को भी उद्योग व व्यापार जगत पर नौकरशाही के शिकंजे को कम करना होगा। उत्पादन क्षेत्र को हमें उस स्तर तक ले जाने के लिये अनुकूल वातावरण तैयार करना होगा, जहां गुणवत्तापूर्ण सस्ते उत्पाद तैयार किए जा सकें।

# थाईलैंड में रियल एस्टेट निवेश : भारतीयों के लिए सुनहरा अवसर



लेखक : विशाल पांडे

आज की नई पीढ़ी (Gen X) निवेश के मामले में पारंपरिक सोच से हटकर कदम बढ़ा रही है। अब लोग केवल अपने देश में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रियल एस्टेट में निवेश कर रहे हैं, ताकि उन्हें बेहतर और विविध स्रोतों से रिटर्न मिल सके। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों — जैसे सिंगापुर, थाईलैंड, फिलीपींस, मलेशिया आदि — में पर्यटन का जबरदस्त कारोबार है। यहां साल भर लाखों-करोड़ों पर्यटक आते हैं, जो न सिर्फ स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ाते हैं, बल्कि रियल एस्टेट निवेशकों के लिए भी बेहतरीन अवसर पैदा करते हैं।

### थाईलैंड : पर्यटन और निवेश का परफेक्ट कॉम्बिनेशन

थाईलैंड के फुकेट, क्राबी और पटाया जैसे शहरों में रोजाना लाखों पर्यटक आते हैं। इनमें से पटाया निवेश के लिहाज़ से सबसे चर्चित स्थान है। कारण साफ़ है — यहां की लोकेशन, पर्यटकों की भीड़ और लगातार बढ़ती हुई किराये की मांग।

### निवेश के लिए कुछ अहम तथ्य :

- निवेश की पात्रता : भारतीय नागरिक थाईलैंड में अपार्टमेंट खरीद सकते हैं।
- सबसे ज्यादा बिकने वाले साइज : 20 से 36 वर्गमीटर के स्टूडियो या छोटे अपार्टमेंट।
- डेवलपर्स की पेशकश : पूरी तरह से फर्निश्ड यूनिट।
- कीमत
- सेंट्रल पटाया में स्टूडियो यूनिट का औसत किराया 20,000 थाई बाट/माह।
- औसत बिक्री मूल्य 2.5 से 3 मिलियन थाई बाट (1 मिलियन = 10 लाख रुपये)।
- लोकेशन एडवांटेज : सेंट्रल पटाया में कोई कॉन्डो खाली नहीं रहता, किराये की डिमांड हमेशा हाई रहती है।

### भारतीय निवेशकों के लिए नियम और प्रक्रिया

भारतीय पासपोर्ट धारक एक वित्तीय वर्ष में 2.5 लाख अमेरिकी डॉलर तक विदेश भेज सकते हैं (RBI गाइडलाइन के अनुसार)। पैसा सीधे बैंक से डेवलपर के खाते में ट्रांसफर किया जा सकता है।
थाईलैंड में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन फीस केवल 2 प्रतिशत है, जिससे खरीद प्रक्रिया आसान और किफायती बन जाती है।

### रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट (ROI) के तीन स्तंभ

### थाईलैंड में निवेश का लाभ तीन तरीकों से मिलता है :

1. किराये से आय - नियमित मासिक इनकम।
2. प्रॉपर्टी की कीमत बढ़ना - समय के साथ मूल्य वृद्धि।
3. मुद्रा मूल्य में वृद्धि - थाई बाट और भारतीय रुपये के बीच लाभ।

### पटाया के प्रमुख डेवलपर्स

- Global Top Group
- Copacabana
- Rivera

ये कंपनियां उच्च गुणवत्ता वाले प्रोजेक्ट और सुविधाजनक लोकेशन पर प्रॉपर्टी उपलब्ध कराती हैं, जो निवेशकों के लिए रिटर्न की संभावना बढ़ाती हैं।

# टैरिफ दादागिरी के बीच 'स्वदेशी' एक जनक्रांति बने

- ललित गर्ग -

वाराणसी में अपने लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का आह्वान किया है कि वे संकल्प लें कि अपने घर स्वदेशी सामान ही लाएंगे। उनका यह आह्वान न केवल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'दबाव की राजनीति' और 'टैरिफ की दादागिरी' का माकूल जबाव है बल्कि भारत को सशक्त अर्थ-व्यवस्था बनाने की बुनियाद भी है। मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान इसी सोच के साथ किया है। उन्होंने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि भारत को 'लोकल के लिए वोकल' बनना होगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक गहन आर्थिक और सांस्कृतिक रणनीति है जो हमें बाहरी निर्भरता से मुक्त कर सकती है। यह वही आत्मनिर्भरता है, जिसका बीजारोपण महात्मा गांधी ने चरखे और खादी के माध्यम से किया था और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वदेशी जागरण के माध्यम से कर रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप की बौखलाहट का ही परिणाम है कि उन्होंने दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत अर्थव्यवस्था तक कह दिया, उनका यह कहना न केवल तथ्यहीन और निराधार है, बल्कि भारत की आर्थिक संप्रभुता पर एक असभ्य एवं अक्षम्य आक्षेप भी है। इससे भी अधिक विडंबनापूर्ण और चिंताजनक बात यह है कि भारत के कुछ विपक्षी दलों ने इस अपमानजनक बयान को घरेलू राजनीति की 'ऑक्सीजन' मानकर इसे आंतरिक राजनीति का हथियार बनाकर न केवल प्रचारित किया, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से उसका समर्थन भी किया। अक्सर विपक्षी दल देशविरोधी नैरेटिव को बढ़ावा देने में जुट जाते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि राजनीतिक असहमति लोकतंत्र का अंग हो सकती है, लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता पर आघात के समय एकजुटता ही राष्ट्रवाद की पहचान होती है। यह वही देशविरोधी मानसिकता है जो विदेशी मंचों पर देश की छवि को चोट पहुंचाती है और राजनीतिक स्वार्थों एवं मतभेदों को राष्ट्रीय स्वाभिमान से ऊपर रखती है। भारत की अर्थव्यवस्था को जिस तरह ट्रंप ने 'मृतप्राय' कहा, वह न केवल मौजूदा आर्थिक तथ्यों की अवहेलना है, बल्कि भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दबाने का एक रणनीतिक षडयंत्र भी है। आईएमएफ, विश्व बैंक और ओईसीडी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं भी लगातार यह संकेत देती रही हैं कि भारत विश्व की सबसे तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी पहलों के चलते भारत की अर्थव्यवस्था ने कोरोना महामारी के बाद जिस गति से पुनरुत्थान किया है, वह अनेक विकसित देशों के लिए भी उदाहरण है। सच्चाई यह है कि भारत की अर्थव्यवस्था न तो मृत है, न ही दिशाहीन। हां, चुनौतियां हैं, बेरोजगारी, महंगाई, आय असमानता, लेकिन इनसे जूझते हुए भारत आत्मनिर्भरता और नवाचार की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठा रहा है। वैश्विक मंचों पर भारत की वाणी अब कमजोर नहीं, बल्कि दृढ़ता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है। ऐसे समय में जब अमेरिका जैसे देश एकतरफा फैसलों से वैश्विक व्यापार संतुलन को तोड़ने पर आमादा हैं, तब भारत को अपनी आत्मनिर्भरता और स्वदेशी के मंत्र को एक संकल्प बनाकर व्यवहार में लाना होगा। अमेरिका हो या चीन, आर्थिक नीतियों में नैतिकता नहीं, स्वार्थ ही केंद्र में रहता है। इसीलिए भारत को अब यह समझना होगा कि केवल आयात पर निर्भर रहकर हम अपनी आर्थिक सुरक्षा नहीं कर सकते। जब तक हम उत्पादन, निर्माण और उपभोग के क्षेत्र में स्वदेशी विकल्प नहीं अपनाते, तब तक हम इस टैरिफ आतंकवाद और वैश्विक अस्थिरता के शिकार बने रहेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्वदेशी जागरण मंच वर्षों से यह बात दोहराते रहे हैं कि भारत की आर्थिक समृद्धि का मूल मंत्र 'स्वदेशी' है। यह विचार केवल देसी वस्तुओं के प्रयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका तात्पर्य है, स्वदेशी संसाधनों, तकनीकों, कौशल और संस्कृति के आधार पर विकास का रास्ता तय करना। भारत का आर्थिक इतिहास इसका साक्षी है कि जब-जब देश ने अपनी आंतरिक क्षमताओं पर विश्वास किया, तब-तब उसने वैश्विक मंच पर अपना प्रभुत्व सिद्ध किया। चाहे दूध उत्पादन में श्वेत क्रांति हो, अंतरिक्ष में इसरो की सफलताएं हों या कोविड काल में स्वदेशी वैक्सीन बनाना, भारत ने दिखाया है कि वह किसी से कम नहीं। स्वदेशी का मंत्र सिर्फ 'यहां बनाएं' तक सीमित नहीं है, यह 'यहां के लोगों द्वारा, यहां की सोच के साथ' बनाया गया भारत है। प्रधानमंत्री मोदी का 'मेक इन इंडिया' अभियान अब 'मेड बाय इंडिया' की दिशा में अग्रसर हो रहा है। भारत को ऐसी आर्थिक संरचना बनानी होगी जिसमें विदेशी पूंजी या तकनीक की बजाय स्वदेशी नवाचार, स्वदेशी उद्योग, और स्वदेशी उद्यमिता को बल मिले। इस संदर्भ में सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि जो नीतियां बनें, वे स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने वाली हों, न कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लॉबी के दबाव में चलने वाली।


आज का समय वैसा ही है जैसा 1905 में बंग-भंग आंदोलन के समय था, जब बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय और अरविंद घोष जैसे क्रांतिकारियों ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई थी। आज फिर एक नई क्रांति की जरूरत है, लेकिन यह क्रांति फैक्ट्रियों में, बाजारों में, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर लड़ी जाएगी। हमारे युवाओं को चाहिए कि वे स्टार्टअप, इनोवेशन और तकनीकी प्रयोगों में विदेशी नकल न करें, बल्कि भारतीय ज़रूरतों और मूल्यों के अनुरूप नए समाधान विकसित करें। यही आत्मनिर्भर भारत की आत्मा है। हर भारतीय को यह समझना होगा कि जब वह विदेशी मोबाइल, ब्रांडेड कपड़े, या चीनी उत्पाद खरीदता है, तो वह सिर्फ एक उत्पाद नहीं ले रहा, बल्कि वह अपने देश के एक कारीगर, किसान या उद्यमी से रोज़ी-रोटी छीन रहा है। अब समय है कि उपभोक्ता भी जिम्मेदार बने। स्वदेशी उपभोग सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि देशभक्ति का आधुनिक रूप है।

आज जब वैश्विक पूंजीवाद लड़खड़ा रहा है और पश्चिमी देशों की नीतियों में आत्मकेंद्रितता हावी हो रही है, भारत को अपनी सांस्कृतिक, आर्थिक और बौद्धिक जड़ों की ओर लौटना ही होगा। यही समय है जब 'स्वदेशी' एक आंदोलन बने, एक जनक्रांति बने और एक ऐसी नई अर्थव्यवस्था की नींव डाले जो टिकाऊ, समावेशी और पूर्णत: आत्मनिर्भर हो। प्रधानमंत्री मोदी ने जो स्वदेशी का दीप जलाया है, वह केवल सरकार का काम नहीं, यह हम सभी का नैतिक, राष्ट्रीय और आत्मिक दायित्व है। तभी हम न केवल ट्रंप जैसी टैरिफ दादागिरी का जवाब दे पाएंगे, बल्कि एक सशक्त, सम्मानित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे, अपने स्वेद, अपने स्वप्न और अपने स्वदेश के बल पर।

वर्तमान परिप्रेक्ष्यों में यह आवश्यक हो गया है कि देश की आलोचना के नाम पर विदेशी अपमान का समर्थन करने की प्रवृत्ति का जनतांत्रिक रूप से विरोध हो। लोकतंत्र की सच्ची परिपक्वता यही है कि सरकार की आलोचना करते हुए भी हम राष्ट्र की प्रतिष्ठा और आत्मगौरव की रक्षा करें।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3611




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




### काकुरो - 3610 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक कवि की कविताएं कोई नहीं सुनता था आखिरकार एक दिन जब एक व्यक्ति ने उनकी कविता सुनी तो कवि ने उसका आभार मानते हुए कहा कि 'आप पहले ऐसे महानुभाव है जिन्होंने कि मेरी कविताएं इतने ध्यान से सुनी हैं.'

दूसरा व्यक्ति- 'जरा जोर से बोलिए मैं थोड़ा ऊंचा सुनता हूँ.'

□ □ □

एक कैदी से मिलने जेल में कोई नहीं आता था, यह देख कर जेलर को उस पर दया आ गई उसने कैदी को बुलाकर पूछा कि 'क्या बात है तुमसे मिलने तुम्हारा कोई रिश्तेदार जेल में क्यों नहीं आता है ?'

कैदी- 'क्योंकि साहब वे सब भी तो यहीं ही है !'

□ □ □

दो मित्र आपस में बातें कर रहे थे. एक बोला- 'क्या यह ताज्जुब की बात नहीं कि रमेश के भाग्य ने उसका आखिर तक साथ दिया.'

'वह कैसे ?'

'खाना खाते हुए वह एक मोती निगल गया था.' मित्र ने पूरी बात बताते हुए कहा -'जब उसका ऑपरेशन करके वह मोती निकाला गया तो वह इतना कीमती निकला कि उसकी कीमत से न केवल आपरेशन का बिल ही चुक गया, बल्कि उसका क्रिया-कर्म भी ठाठ से सम्पन्न हुआ.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3611



**बायें से दायें:-**

१. अनिल कपूर, श्रीदेवी, उर्मिला की 'हो मुझे प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मन क्यों बहका रे' गीत वाली फिल्म-३
५. जैकी, संजयदत्त, रवीना की 'याइला रे लड़की मस्त मस्त' गीत वाली फिल्म-२
६. 'छोटा बच्चा जानके' गीतवाली फिल्म-३
७. अक्षय, जैकी, सुनील, रवीना, लारा की 'कोई प्यार ना करे' गीतवाली फिल्म-२
८. फिल्म 'चलते चलते' में नायिका-२
९. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की 'जिया जले जान' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'खुल गया नसीब देखो साला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा की फिल्म-२
१२. अमिताभ, फरदीन, करीना की 'जब नहीं आये थे' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१४. बिश्वजीत, माला सिन्हा की 'अकेला हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'तेरी दुनिया से दूर' गीत वाली महीपाल, श्यामा की फिल्म-३
१८. कंवलजीत, वहीदा रहमान की 'पर्वतों के पेड़ों पर' गीत वाली फिल्म-३
२०. मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. राजेशखन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२
२३. देव आनंद, माला की 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरी उमर के नौजवानों' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
२८. नसीर, आमिर, सोनाली की 'होशवलों को खबर' गीत वाली फिल्म-५
२९. 'प्रहार' में डिम्पल के साथ नायक ?-२
३०. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'मैं क्या करूं राम' गीतवाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'जब कोई बात बिगड़ जाये' गीत वाली विनोद खन्ना, मीनाक्षी शेशद्रि की फिल्म-२
२. संजीवकुमार, लीना चंदावरकर की 'पैसे बिना प्यार फिजूल है' गीत वाली फिल्म-३
३. 'इन आँखों की मस्ती के' गीत वाली नसीर, फारूख शेख, रेखा की फिल्म-४,२
४. राजकुमार, सुनीलदत्त, साधना, शर्मिला की 'हम जब सिमट' गीत वाली फिल्म-२
५. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
७. जैकी श्रॉफ, जूही, अमृता की 'मेरी बन्नो की' गीत वाली फिल्म-३
९. 'शाम है धुआं धुआं' गीत वाली अजय देवगन, मधु, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-४
१०. विनोद खन्ना, नीतूसिंह की 'बनके संवरके मैं निकली' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'अगर जिंदगी हो तेरे' गीत वाली अविनाश वधावन, आयशा की फिल्म-३
१७. गुरूदत्त, आशा पारेख की 'वो दिल कहाँ से लाऊं' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२०. संजीवकुमार, रेहाना सुल्तान की फिल्म-३
२४. 'छू कर मेरे मन' गीत वाली अमिताभ, अमजदखान, नीतूसिंह की फिल्म-३
२५. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली विनोद मेहरा, सायराबानो की फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की 'मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-४
२९. संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3610



## सूडोकु -3611

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3610 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## शब्द पहेली - 3611



**बाएँ से दाएँ**

1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**

1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

### शब्द पहेली -3610 का हल



# नोएडा में कार के अंदर मिली 2 लाश

## गाड़ी सेंट्रल लॉक थी, एसी ऑन था; दम घुटने से मौत की आशंका

**नोएडा।** नोएडा में कार के अंदर 2 लाशें मिलीं। एक की बॉडी अगली और दूसरे की पिछली सीट पर पड़ी थी। वहां से गुजर रहे लोगों ने कार में 2 लोगों को देखा। उनमें कोई हलचल नहीं हो रही थी। आवाज देने पर भी कोई रिस्पांस नहीं आया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी।



थाना सेक्टर-58 पुलिस मौके पर पहुंची। लॉक तोड़कर दोनों शवों को कार से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने जब गाड़ी का दरवाजा खोला, तब कार का ष्ट ऑन था। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने अधिक शराब पी ली थी। तभी दरवाजा सेंट्रल लॉक हो गया और वह खोल नहीं पाए। दम घुटने से उन्होंने अंदर ही दम तोड़ दिया।

उनके शरीर पर किसी प्रकार के निशान नहीं मिले हैं। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की है। रात से कार एक ही स्थान पर खड़ी थी। सोमवार दोपहर को घटना का पता चला। दोनों पड़ोसी हैं। घटना खोड़ा गांव के पास की है।

एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया- दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास सूचना मिली कि कॉर्ल हूबर स्कूल ग्राम खोड़ा के सामने रोड पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोलॉजी के पास एक कार खड़ी है। जिसमें दो व्यक्ति दिख रहे हैं। कार अंदर से लॉक है।

इनकी पहचान सचिन (27) पुत्र रामगोपाल शर्मा निवासी प्रेम विहार खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद, लक्ष्मी शंकर (50) पुत्र तुकी राम निवासी खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद के रूप में हुई है।

दोनों का घर अगल-बगल था। परिजनों को जानकारी दी गई है। दोनों कैब चालक थे। लक्ष्मी शंकर शादीशुदा है। उसकी एक बेटी भी है। पुलिस शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करेगी। दोनों का मंगलवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### दोनों रात में घर से निकले थे

एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया-सचिन शर्मा की दोस्ती पड़ोस के लक्ष्मी शंकर से थी। सचिन और लक्ष्मी रविवार शाम को अपने-अपने घरों से निकले पर देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजन पूरी रात दोनों को तलाशते रहे।

दोपहर 12 बजे तक भी जब दोनों से कोई संपर्क नहीं हुआ, तो परिजन और परेशान हो गए। सचिन के मोबाइल पर कॉल जा रही थी। उठ नहीं रही थी।

दोपहर 2 बजे के करीब खोड़ा गांव के ही कुछ लोगों ने सचिन के परिजनों को बताया कि उसकी कार एक निजी संस्थान के पास खड़ी है। आनन फानन में परिजन अन्य लोगों के साथ पहुंचे तो देखा कि दोनों कार के अंदर हैं।

### कार में शराब पीने की आशंका

स्थानीय लोगों का कहना है सचिन और लक्ष्मी को शराब पीने की लत थी। जहां कार मिली है, शराब का ठेका भी नजदीक ही है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने एसी ऑन कर कार के अंदर शराब पी होगी।

ज्यादा शराब पीने के कारण दोनों को नींद आ गई होगी। गैस जब कार के अंदर भरी होगी तो वे गहरी नींद में होने के कारण बेहोश हो गए होंगे। बाहर निकलने का प्रयास किया होगा पर पर गेट न खुलने से दम घुट गया होगा। हालांकि मौत और शराब के सेवन की सटीक जानकारी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही मिल जाएगी।

# नोएडा में कारोबार बढ़ाने का झांसा देकर 35 लाख ठगे

**यूरोप में दिखाया था कारोबार का सपना, एग्रीमेंट के तहत मांगे थे 6 हजार यूरो**

**नोएडा।** जर्मनी की कंपनी ने नोएडा स्थित कंपनी के मालिक को विदेश में कारोबार का सपना दिखाकर 35 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत स्थानीय थाने की पुलिस से की पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जर्मनी के म्यूनिख स्थित कंपनी के प्रबंध निदेशक के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर फेज दो थाने में केस दर्ज हुआ है।

### यूरोप कंपनियों में कारोबार बढ़ाने का झांसा

फेज दो थानाक्षेत्र स्थित एलकॉम्पोनिक्स सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के सीओओ नवीन चंद्र उप्रेति ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी कंपनी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का कारोबार करती है। 2020 में जर्मनी की फेमस जीएमबीएच नामक कंसल्टेंसी कंपनी के संचालक डॉक्टर डी सलदान्हा उनकी कंपनी में आए। कई दिन तक वह यहां रहे। उन्होंने कहा कि वह उनकी यूरोप की कंपनियों से पहचान कराने और कारोबार बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। विश्वास जताने के लिए उसने कुछ दस्तावेज दिखाए।

### 2020 में एग्रीमेंट किया गया साइन

नवीन चंद्र के मुताबिक डी सलदान्हा की बातों में आकर उन्होंने एक जुलाई 2020 को एक एग्रीमेंट किया। इसके एवज में डॉ. डी सलदान्हा ने उनसे छह हजार यूरो (59,7408 भारतीय रुपए) की मांग की। इन पैसों का भुगतान करने के बाद शिकायतकर्ता से 2 लाख 49 हजार रुपए और लिए गए। नवीन ने जब अपने कारोबार के बारे में पूछा। करीब आठ माह बाद आरोपी ने कंपनी को एरियल रोबोटिक जीएमबीएच नामक जर्मन कंपनी से परिचित कराया। इस कंपनी के बारे में बढ़ा चढ़ाकर बताया गया।

कंपनी का मूल्यांकन करने के लिए पीवीसी संस्था को नियुक्त किया गया, जिसमें आरोपी ने अपने खुद के भेजे गए व्यक्ति थॉमस को प्रस्तावित किया। इस अवधि में आरोपी शिकायतकर्ता से 35534 यूरो (35 लाख 61 हजार 839 भारतीय रुपए) ले चुका था।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा में टूटे बिजली के तार से हादसा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के रीलखा गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक मजदूर ताराचंद की घोड़ी की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। घोड़ी की कीमत लगभग ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। किसान नेता रमेश कसाना के अनुसार, यमुना विकास प्राधिकरण द्वारा गांव में लगाई गई स्ट्रीट लाइट का एक खंभा टूटकर जमीन पर गिरा हुआ था। इस समस्या की कई बार प्राधिकरण के अधिकारियों को सूचना दी गई थी। स्ट्रीट लाइट की बिजली की लाइन जमीन पर पड़ी हुई थी। इससे किसी भी व्यक्ति को जानलेवा खतरा हो सकता था। बार-बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। सोमवार को इसी टूटे हुए तार की चपेट में मजदूर की घोड़ी आ गई। घोड़ी झुलसकर मौके पर ही मृत्यु हो गई। ग्रामीणों में प्राधिकरण की इस लापरवाही को लेकर रोष है। उन्होंने प्राधिकरण के अधिकारियों को घटना की जानकारी देते हुए मजदूर के नुकसान की भरपाई करने की मांग की है। अधिकारियों ने जल्द ही उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## सड़क पर गेट खोलने को लेकर बवाल

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र के गांव खोदना खुर्द में रविवार को गांव के सार्वजनिक रास्ते पर गेट लगाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट और पत्थरबाजी हुई। विवाद की शुरुआत रास्ते को लेकर कहासुनी से हुई। लेकिन थोड़ी ही देर में दोनों ओर से लाठी-डंडे निकल आए और देखते ही देखते दर्जनों लोग आमने-सामने आ गए। महिलाएं भी झगड़े में कूद पड़ीं और माहौल तनावपूर्ण हो गया। हंगामा इतना बढ़ा कि गांव में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग चोटिल हुए हैं, हालांकि किसी की हालत गंभीर नहीं बताई जा रही। सूचना पर सूरजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले पक्ष से 9 और दूसरे पक्ष से 10 लोगों को हिरासत में लिया है। कुल 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों ओर से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। गांव में दोबारा कोई तनाव न फैले, इसके लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। साथ ही शांति समिति के सदस्यों से भी सहयोग मांगा गया है।

## आयुर्योग और एल्डरकेयर इंडिया एक्सपो संपन्न

**गौतम बुद्ध नगर।** इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में वेलफेस्ट इंडिया 2025 के तहत आयोजित आयुर्योग एक्सपो और एल्डरकेयर इंडिया एक्सपो का समापन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले थे। कार्यक्रम में इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड के सीईओ सुदीप सरकार उपस्थित थे। आयुर्योग एक्सपो की आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. नितिन अग्रवाल भी मौजूद रहे। अभिनेता गगन मलिक और एक्सपो मार्ट एग्जिबिटर एसोसिएशन के सचिव प्रिंस मलिक ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। अपने संबोधन में मंत्री अठावले ने कहा कि आयुर्वेद और योग से लोगों का जीवन सफल और आनंदमय बनता है। उन्होंने बताया कि मेडिटेशन की परंपरा हमारे देश में ढाई हजार वर्षों से चली आ रही है। यह हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। मंत्री ने सभी से अपील की कि वे अपने जीवन को सफल बनाने के लिए आयुर्वेद का उपयोग करें। साथ ही उन्होंने नियमित रूप से योग करने पर जोर दिया।

## खिलौना बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

**नोएडा। वकार सैफी।** थाना फेज 1 क्षेत्र में स्थित में फैक्ट्री में भीषण आग लग गई इस फैक्ट्री में खिलौना बनाया जाता था। फैक्ट्री में मौजूद प्लास्टिक के मटेरियल में आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पाकर थाना फेज 1 पुलिस और दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। आग किस वजह से लगी अभी इसका पता नहीं चल सका है। छुट्टी होने के कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बता दे की सी-72, सेक्टर-3 में स्थित फैक्ट्री में आग से निकलने वाले धुएं को देख लोगो ने फायर बिग्रेड को इसकी सूचना दी, सीएफ़ओ प्रदीप कुमार ने बताया करीब 4 बजे अचानक आग लग गई। ये फैक्ट्री योगेश पुत्र ओमप्रकाश की है और फैक्ट्री में खिलौना बनाने का काम होता है। रविवार होने के कारण फैक्ट्री बंद थी। मौके पर पहुंची गाडियो ने एक घंटे के भारी मश्क्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग लगने वाले कारणो पता नही चल पाया है। संभवत आग शार्ट सर्किट के कारण लगी है, इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नही है। आग लगने के कारणों की जांच और नुकसान का आकलन जांच की जा रही है।

## आम सभा में लोगों ने समस्याएं बताई

**ग्रेटर नोएडा।** यथार्थ हॉस्पिटल में सोमवार को फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूऐज की आम सभा हुई। इसमें सभी लोगों ने समस्याएं बताई। सेक्टर डेल्टा 1 के श्यामवीर भाटी ने कहा कि ऐछर गोल चक्कर टी प्वाइंट बनाया जाए, ताकि लोगों को जाम से मुक्ति मिले। अल्फा 2 के अध्यक्ष सुभाष भाटी ने बताया कि सेक्टर में सीवर की समस्या काफी दिनों से चल रही है। सेक्टर डेल्टा 1 के महासचिव ऋषि पाल भाटी ने कहा कि शहर में सबसे बड़ी समस्या पेयजल की सप्लाई की है। सेक्टरों में चार दिन तक पेयजल नहीं आता। फेडरेशन के अध्यक्ष देवेंदर टाइगर ने कहा कि प्राधिकरण को ज्ञापन देकर शहर की समस्याओं से सीईओ को अवगत कराएंगे।इस मौके पर यथार्थ हॉस्पिटल ने फेडरेशन के पदाधिकारियों को शहर की निस्वार्थ सेवा करने के सम्मानित किया।

# ग्रेटर नोएडा के फलैदा गांव में चार लोगों का हमला

## महिला के घर में घुसकर की मारपीट, अस्पताल में भर्ती

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के फलैदा गांव में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। रविवार शाम को चार आरोपियों ने महिला के घर में घुसकर गाली-गलौच की और मारपीट की। पीड़िता सोनिया ने बताया कि वह पशुओं का चारा लेकर घर पहुंची थी। इसी दौरान गांव के ही राजकुमार, राहुल, भगत सिंह और रौदास उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने बिना किसी कारण के अभद्रता करते हुए गालियां देनी शुरू कर दीं।

सोनिया के विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों से उन्हें जमकर पीटा। हमलावरों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी और फिर मौके से फरार हो गए। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

घायल महिला को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# ग्रेटर नोएडा में भूजल दोहन के विरोध में धरना

## भूगर्भ जल प्रबंधन अधिकारी ने दिया कार्रवाई का आश्वासन, 7 दिनों से जारी है प्रदर्शन

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में भूजल दोहन के विरोध में चल रहा धरना सोमवार को भी जारी रहा। इस दौरान भूगर्भ जल प्रबंधन विभाग के कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) मौके पर पहुंचे। उन्होंने जेबीएम यूनिवर्सिटी द्वारा लगातार जल दोहन की शिकायत की जांच की।

अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यूनिवर्सिटी को बोरिंग करके भूजल स्तर का दोहन करने की अनुमति नहीं दी गई है। केवल बेसमेंट के पानी को निकालने की अनुमति 9 शर्तों के साथ दी गई है। मौके पर जांच के बाद



अधिकारी ने पाया कि वास्तव में जल के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभाग इस मामले में उचित कार्रवाई करेगा।

धरना प्रदर्शन को 7 दिन हो गए हैं, लेकिन अब तक एक भी लेखपाल स्तर का अधिकारी या होमगार्ड मौके पर नहीं पहुंचा है।

इससे कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। आज के धरने का संचालन सुनील पंडित ने किया। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह के नेतृत्व में धरना जारी रहा।

धरने में सरोज देवी, श्रृंगार देवी, शांति देवी, विद्या देवी, कुमरवती, लक्ष्मी देवी, माया देवी, गुड्डी देवी, वाली, कमलेश, अजूद्या, पूनम, मंजू, सीमा देवी, मधू, शीले, अशोक तोमर, मनवीर, सल्लू, सुनील, शताकत, कलूआ, वशील चौधरी, मुदरशिर, जाबिद, गजब, बंटी, शाकिर, आखिर, जीतन, राहुल और दीपक त्यागी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# शिकायत पर डीएम ने किया गांवों का निरीक्षण

## गौतमबुद्ध नगर में जल निकासी समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**गौतमबुद्ध नगर।** जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर मेधा रूपम ने जल निकासी की समस्या का संज्ञान लेते हुए आज फोन पर शिकायत आने पर ग्राम रन्हैरा स्थित पथवाये नाले पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धीमे चल रहे पुलिया निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। इससे बारिश के मौसम में गांव वालों को दिक्कत न हो।



इसके अलावा, जिलाधिकारी ने जेवर तहसील अंतर्गत ग्राम मॉडलपुर जेवर का भी स्थलीय निरीक्षण किया। वहां उन्होंने ग्राम वासियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जल निकासी की सुदृढ़ व्यवस्था नहीं है। इस कारण बरसात के मौसम में पानी जमा हो जाता है। इससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित होता है।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यथाशीघ्र समस्या का समाधान कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में जल निकासी के लिए आवश्यक निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू किए जाएं। इससे ग्रामीणों को कोई असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार, सहायक विकास अधिकारी आलोक रंजन, सिंचाई विभाग के अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 38 स्थानों पर बनेंगे मॉडल ट्रैफिक बूथ

**नोएडा।** नोएडा में ट्रैफिक व्यवस्था को आसान बनने के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत नोएडा प्राधिकरण 38 स्थानों पर मॉडल ट्रैफिक बूथ का निर्माण करने जा रहा है। इसका एक प्रजेंटेशन नोएडा प्राधिकरण में कंपनी ने किया। जिसके बाद डिजाइन को फाइनल किया गया। ये सभी बूथ नोएडा में उन स्थानों पर बनाए जाएंगे, जहां ट्रैफिक लोड ज्यादा रहता है। इससे लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। प्राधिकरण के जीएम एसपी सिंह ने बताया कि बूथ डिजाइन के लिए आज एरॉन स्पेस डिजाइन कंपनी की ओर से प्रजेंटेशन किया गया है। जिसका डिजाइन लगभग फाइनल किया जा रहा है। जल्द ही टेंडर जारी करे इन ट्रैफिक बूथ का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। ट्रैफिक बूथ का निर्माण एक स्थान पर होगा इसके बाद चिह्नित किए गए 38 स्थानों पर इनको लगा दिया जाएगा। वहीं डीसीपी ट्रैफिक लखन सिंह यादव ने बताया कि विभाग की ओर से 38 स्थानों को चिह्नित करके प्राधिकरण को बता दिया गया है। अब आगे की प्रक्रिया जारी है। नोएडा में पीक आवर में हैवी ट्रैफिक रहता है। कभी कभार यहां बारिश या अन्य वजह जिसमें वाहन दुर्घटना के चलते जाम की स्थित बन जाती है। इसके अलावा डार्क पाइंट जहां बूथ नहीं है लेकिन ट्रैफिक फ्लो ज्यादा है। इन सभी स्थानों पर बूथ को रखा जाएगा। इनके निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि प्रत्येक बूथ के निर्माण में करीब 1.5 लाख का खर्चा आएगा। ऐसे में 56 लाख के आसपास का बजट तैयार किया गया है। जिससे ट्रैफिक बूथ बनेंगे।

# नोएडा प्राधिकरण 39 डेवलपर को भूमाफिया घोषित करेगी

## सलारपुर खादर के 24 खसरों पर किया है अवैध निर्माण, एक सप्ताह में तोड़ने का था निर्देश

एजेंसी

**नोएडा।** नोएडा के सलारपुर खादर गांव में जिन 24 खसरों पर 39 डेवलपर ने अवैध इमारतों का निर्माण किया था। उन सभी डेवलपर को भूमाफिया घोषित किया जाएगा। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि हाल ही में डीएम के साथ बैठक में ये तय किया गया है।

जल्द ही सभी की फाइल तैयार होगी। इस मामले में प्राधिकरण ने अवैध निर्माण को तोड़ने का एक नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। जिसमें जानकारी मिली कि यहां कई खसरा नंबर पर एडीएम , सिविल कोर्ट में मामले है। इसके लिए विधि विभाग से सलाह ली जा रही है।

प्राधिकरण ने बताया कि सलारपुर खादर पुलिस चौकी के पीछे खसरा संख्या 723, 724 नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित व खसरा संख्या 727, 728, 729, 730, 731, 732, 733, 734, 735, 736, 737, 738, 739, 745, 746, 747, 748, 749, 750, 751, 752 व 753 प्राधिकरण की अधिसूचित व अर्जित भूमि है। यहां पर अवैध रुप से 60 से ज्यादा इमारतों का निर्माण किया जा रहा है।

इसमें वन बीएचके से लेकर 2 और 3 बीएचके फ्लैट है। जिनकी कीमत करीब 30 से 65 लाख तक है। अधिकांश की बुकिंग हो चुकी है।

### इमारतों पर चस्पा किया गए नोटिस

करीब दो सप्ताह पहले प्राधिकरण की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ यहां पर डेवलपर को नोटिस जारी करते हुए इमारतों पर नोटिस चस्पा किए थे।

इन लोगों ने नोटिस को हटा दिया और चोरी छिपे निर्माण कार्य शुरू कर दिया। अब प्राधिकरण इन डेवलपर के खिलाफ भू माफिया के तहत एक्शन लेने जा रही है। जिस पर नोएडा डीएम से बैठक की जा चुकी है। जल्द ही बड़ा एक्शन हागा।

### इन लोगों को दिए गए नोटिस

मोहम्मद अयूब व याकूब, सुनील शर्मा व राहुल शर्मा, सलीम व शमीम, मै0 एसए प्रमोटर्स द्वारा पार्टनर के द्वारा सुनील कुमार पुत्र धीरज सिंह, मैसर्स प्रॉपर्टी अरीना इनक्राकांन प्रालि के द्वारा आलोक कुमार, रिषि पाल, महर्षि आश्रम के द्वारा राहुल भारद्वाज, मैसर्स एनर्जी बिल्डिंग सॉल्यूशन्स प्रालि के द्वारा विजय त्रिवेदी, एनर्जी बिल्डिंग सोल्यूसन्स प्रालि के द्वारा संजीव कुमार त्रिपाठी, मैसर्स क्वालिस्टिक टेक्नोज प्रालि के द्वारा सुभाष कुमार भाटी, डालमिया लेटेक्स लिमिटेड के द्वारा अभिषेक जैन, विकास गोयल, नीदरलैंड इंडिया कम्युनिकेशन इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा जालम सिंह, जया कुमारी।

मैसर्स ब्रेकथ्रू इंटरप्राइजेज एलएलपी के द्वारा सर्वेश मिश्रा, जयविन्द, जुगल किशोर गौतम, रामकुमार हरीश व हरिशचन्द, मिंटू व रिंकू व राजेश, राहुल कसाना, मैसर्स स्टूडेंट इंटरनेशनल मेडिटेशन सोसाइटी द्वारा विनीत कुमार श्रीवास्तव, सिंहवाहिनी इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्रालि द्वारा जितेन्द्र कुमार, योगेन्द्र सिंह, सिंहवाहिनी इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्रालि द्वारा सूरजभान, प्रदीप सिंह, गोपाल सागर इंफ्रा प्रालि द्वारा हेरी बजाज, प्राइमस अल्टिमा के द्वारा पवन जिंदल, मैसर्स अरीना प्रापर्टी इंफ्राकांन प्रालि के द्वारा आलोक कुमार, रामनाथ यादव, शेखर कुमार, कृष्ण कन्हैया, अंकित कुमार, आरिफ, शमीम मलिक, महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ के द्वारा प्रमोद कुमार सिंह, अरशद अली, फैज अंसारी, एकता बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स प्रालि द्वारा निखिल कुमार को नोटिस दिए गए।

## पुलिस और ट्रैक्टर सवार शातिर बदमाशों की मुठभेड़

**नोएडा। वकार सैफी।** कोतवाली सेक्टर 24 पुलिस और ट्रैक्टर सवार शातिर बदमाशों के बीच मैट्रो पिलर नं0-94 के पास चेकिंग के दौरान हुए मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है उसके साथी पुलिस ने कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। दोनो बदमाश शातिर किस्म के चोर है जो रेकी कर वाहनों और बंद मकानों में चोरी करते है। आरोपियो के खिलाफ लगभग एक दर्जन के आसपास मुकदमें नोएडा के अलग-अलग थानों पर दर्ज है।

# नोएडा : हाईटेक सिटी का दावा कागज़ों तक सीमित

## सड़कों की बदहाली पर भड़के सामाजिक कार्यकर्ता

संवाददाता विशाल इंडिया

**नोएडा।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं किसान चौधरी नेता बीसी प्रधान ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि हाईटेक सिटी का नाम सिर्फ कागज़ों में चमक रहा है, जबकि ज़मीनी सच्चाई इससे उलट है। उन्होंने बताया कि सेक्टर-49 थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला DSC रोड और विजयंत थापर पैट्रोल पम्प से बरौला तक बदहाल स्थिति में है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही है।





चौधरी बीसी प्रधान ने कहा जनता का पैसा प्राधिकरण खा रहा है, और सुविधा के नाम पर कुछ नहीं दिया जा रहा। सड़कें टूटी हैं, नाली जाम हैं और ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि हाईटेक सिटी कहे जाने वाले नोएडा में यदि यही हालात हैं, तो विदेशों में इसका नाम किस विकास के आधार पर हो रहा है? बीसी प्रधान ने अधिकारियों पर लापरवाही, सुस्ती और जनहित के प्रति असंवेदनशील रवैये का आरोप लगाते हुए तत्काल सुधार की मांग की।

स्थानीय लोगों ने भी बताया कि क्षेत्र में कई बार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बीसी प्रधान ने चेताया कि अगर स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो जनता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

# प्रजापति एकता सभा के मीडिया प्रभारी का मिला शव

## बुलंदशहर में परिजनों ने थाने पर किया प्रदर्शन, हत्या का मुकदमा दर्ज

गौतम बुद्ध नगर। बुलंदशहर में राष्ट्रीय प्रजापति एकता सभा के मीडिया प्रभारी नरेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद बवाल मच गया। परिजनों ने बिसरख थाने के बाहर शव रखकर जोरदार प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

नरेश मूल रूप से बिसरख थाना क्षेत्र के रोजा जलालपुर गांव के निवासी थे। शनिवार को वह किसी जरूरी काम से बुलंदशहर के नरसेना थाना क्षेत्र के शिवाली गांव गए थे। वहां वे प्रजापति समाज के किसी व्यक्ति से मिलने पहुंचे थे, लेकिन रात में अचानक उनका फोन स्विच ऑफ हो गया।

रातभर परिजनों ने हर संभव जगह उन्हें ढूंढने की कोशिश की, लेकिन रविवार सुबह नरेश का शव शिवाली में एक संदिग्ध हालत में पड़ा मिला।

परिजनों ने तत्काल नरसेना पुलिस से संपर्क किया, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने शुरुआत में उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और हत्या की एफआईआर दर्ज करने से इनकार कर दिया।

इसके विरोध में सोमवार को परिजन नरेश का शव लेकर बिसरख थाने पहुंच गए। उन्होंने थाने के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

बिसरख पुलिस और उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। तहरीर लेने के बाद हत्या की स्त्रङ्खक्र दर्ज की गई, तब जाकर मामला शांत हुआ। इसके बाद परिजन शव लेकर वापस गांव चले गए।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह मामला नरसेना थाने से जुड़ा है और पहले कोई शिकायत नहीं दी गई थी।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनपद में प्रत्येक घर पर लहरायेगा तिरंगा : डीएम




**ललितपुर।** वर्ष 2022 से शुरु हुए हर घर तिरंगा अभियान को इस वर्ष भी भव्य रुप में मनाये जाने को लेकर जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने सोमवार को सभी सम्बंधित विभागों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को लक्ष्य आवंटित करते हुए निर्देश दिये कि शासन के निर्देशानुसार सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों को पूरा करेंगें और हर घर तिरंगा अभियान को इस वर्ष भी अपने सफलतम रुप तक पहुंचायेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनपद में 8 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस और कल्याणसिंह सभागार में तिरंगा महोत्सव का आयोजन किया जाना है, इसके लिए अधिकारी आज से ही तैयारियां शुरु कर दें। उन्होंने सभी विभागों को झण्डा क्रय एवं वितरण का लक्ष्य आवंटित करते हुए निर्देश दिये कि जनपद के हर घर पर तिरंगा लहराना चाहिए। अभियान के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक जनपद के सभी सरकारी भवनों, शैक्षणिक संस्थानों और प्राचीन किलों को तिरंगा रोशनी से रोशन किया जाए, विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में देशभक्ति की भावना जगायी जाये और कल्याण सिंह सभागार में तिरंगा महोत्सव का भव्य आयोजन कराया जाए।

## रेस्टोरेंट कर्मचारी का फंदे से लटका शव मिला

**गोरखपुर।** गोरखपुर के रामगढ़ताल क्षेत्र के वसुंधरा एन्क्लेव के कमरे में रविवार को दोपहर में एक रेस्टोरेंट कर्मचारी का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। आशंका जताई जा रही है कि युवक ने सुसाइड किया है। वह किसी बात को लेकर परेशान था। मृतक की पहचान गोंडा जिले के कोतवाली थाना के सिन्हाव गांव के अमन दुबे (21) के रूप में हुई। पुलिस परिजनों को सूचना देकर अग्रिम कार्यवाही में जुटी है। मौके पर पुलिस के साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। रामगढ़ताल पुलिस ने बताया- अमन 1 सप्ताह पहले ही गोरखपुर आया था। वह अर्बन स्टेट रेस्टोरेंट में काम करता था। रेस्टोरेंट संचालक आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने वसुंधरा एन्क्लेव के यूटिलिटी रूम नंबर तीन में उसके रहने की व्यवस्था की थी।

## वज्रपात से वचाव के उपाय और प्रशिक्षण हेतु जिलाधिकारी ने रवाना किया वज्रपात सुरखा रथ




**ललितपुर।** जनपद में वज्रपात/आकाशीय बिजली से बचाव व जनजागरुकता हेतु भारत सरकार/एनडीएमए के द्वारा वज्रपात सुरक्षा रथ और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जाएगा, जिस हेतु सोमवार को जिलाधिकारी श्री अमनदीप डुली ने कलैक्ट्रेट परिसर से वज्रपात सुरक्षा रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह सुरक्षा रथ 5 अगस्त से लेकर 11 अगस्त तक जनपद के 4 ग्रामों एरा, अनौरा, सैदपुर और कुम्हैड़ी में भ्रमण करेगा और चौपालों का आयोजन भी किया जाएगा। बताया गया कि 5 अगस्त को ग्राम एरा, 6 अगस्त को अनौरा, 7 और 8 अगस्त को सैदपुर तथा 11 अगस्त को कुम्हैड़ी के विद्यालयों/सचिवालयों में प्रात: 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक वज्रपात से बचाव हेतु जनचौपालों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा जागरुकता दल के सदस्यों के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर जनसमूह को आपदाओं से बचाव हेतु प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देश निर्गत किये हैं कि वे निर्धारित दिनांक को जागरुकता दल को अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे और जनचौपाल के दौरान उपस्थित रहेंगे।

## शार्ट न्यूज

### महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा और पीढ़ित को त्वरित न्याय दिलाने, महिला जनसुनवाई का आयोजन 06 अगस्त को



**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने अवगत कराया है कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता हेतु दिनांक 06.08.2025 को प्रात: 11 बजे विकास भवन मे मा0 सदस्या, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग श्रीमती अर्चना पटेल के द्वारा महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/जनसुनवाई की जाएगी, इसके पश्चात अपराह्न 3:30 बजे महरौनी तहसील सभागार में जनचौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने शिकायतकर्ताओं को अवगत कराया है कि वे जनसुनवाई हेतु अपने साथ शिकायती प्रार्थना पत्र, मोबाइल नम्बर, अपना आईडी प्रूफ की छायाप्रति अवश्य लायें।

### नकाबपोश चोरों ने घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण व नकद लाखों की चोरी की

पीलीभीत। ग्राम सराय सुंदरपुर थाना गजरौला के रहने वाले योगेंद्र सिंह के घर दो नकाबपोश चोर घुस गए। रात करीब 12: 30 बजे योगेंद्र सिंह घर पर अकेले सो रहे थे। तभी चोर छत के रास्ते से घर में प्रवेश कर गए। दोनों चोरों ने योगेंद्र को पकड़ लिया और गर्दन पर बांका रखकर चाबी मांगी। अपनी जान बचाने के लिए योगेंद्र ने चोरों को चाबी दे दी।इसके बाद एक चोर घर के अंदर गया और योगेंद्र की गर्दन पर पंखा रखकर उसे ताला लगाकर रखवाली करने लगा। दूसरी ओर चोरों ने घर में रखे सोने-चांदी के आभूषणों को तोड़फोड़ कर लूटपाट की। चोरी के सामान में पायल की तीन जोड़ी, सोने की तीन अंगूठियां, एक जोड़ी कुंडल, टॉप्स की एक जोड़ी, एक चैन, कंठी, तगड़ी, कमरबिछुआ, टीका, झुमकी और लगभग 40 हजार रुपए नगद शामिल हैं।योगेंद्र ने जैसे-तैसे चोरों के कब्जे से बचते हुए छत की तरफ भागकर कूद लगा दी और जोर-जोर से चिल्लाने लगे। उनकी आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हुए, लेकिन तब तक चोर पीछे के दरवाजे से फरार हो चुके थे। घटना से इलाके में दहशत फैल गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोरों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है।

### श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार पर पुलिस अधीक्षक ने किया श्री गौरीशंकर मंदिर परिसर का निरीक्षण



**पीलीभीत।** श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार के अवसर पर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत अभिषेक यादव ने थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित श्री गौरीशंकर मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कांवड़ यात्रा एवं दर्शनार्थियों के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने यातायात नियंत्रण, प्राथमिक उपचार, पेयजल एवं खोया-पाया केंद्र जैसी सुविधाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।साथ ही, उन्होंने कांवड़ यात्रा की सुचारु एवं सुरक्षित व्यवस्था के लिए क्यूआरटी (क्विक रेस्पॉन्स टीम) को अलर्ट मोड में रखने के निर्देश भी दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में शीघ्र प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके।पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण से श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा के प्रति प्रशासन की सक्रियता झलकती है।

### जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**हरिनारायण यादव व्यूरो विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** जनपद में गंगा नदी के बढ़ते जल स्तर और बाढ़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी अविनाश कुमार और पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने तहसील सेवराई के विभिन्न बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण कर लोगों से उनका हाल जाना। जिलाधिकारी ने तहसील सेवराई अन्तर्गत हसनपुरा, नसीरपुर, बिरऊपुर व मकदुमपुर का नाव के माध्यम से स्थलीय निरीक्षण किया और ग्रामवासियों से उनका स्वास्थ्य लाभ जाना। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सेवराई को बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री व लंच पैकेट तथा पशुओं के लिए चारा व भूसा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित ग्रामों में नावों की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आज शाम तक गंगा नदी के जलस्तर में कमी होने की संभावना है। पूरे जनपद के 5 तहसीलों के 57 ग्राम बाढ़ से प्रभावित हैं, जिसमें 24 ग्रामों की आबादी प्रभावित हुई है। सभी ग्रामों में लंच पैकेट की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का पहले ही निर्देश समस्त उपजिलाधिकारियों को दिए गए हैं।

### उसियां में छात्राओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**गाजीपुर।** दिलदारनगर क्षेत्र के उसियां गांव में जामिया राबिया बसरिया लिलबनात संस्था द्वारा संचालित एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मदरसे की छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का एक अनूठा संदेश दिया। इस अभियान के तहत छात्राओं ने गांव के विभिन्न विद्यालयों में जाकर कुल 200 पौधे लगाए। छात्राओं ने लोगों को जागरूक करते हुए अपील की कि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर हर वर्ष कम से कम एक पौधा जरूर लगाए। उन्होंने बताया कि यह छोटा सा कदम पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुफ्ती मोहसिन राजा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान केवल पर्यावरण की रक्षा के लिए नहीं, बल्कि छात्राओं में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना जागृत करने का भी माध्यम है। इस कार्यक्रम में फिरदौस फातिमा, तरन्नुम फातिमा, कसफ़ फातिमा, आरजू फातिमा, कनीज फातिमा, हसरत जलाल, रंभा देवी, मास्टर जावेद, मुफ्ती फैसल, कारी परवेज, मास्टर शिवतुल्लाह खान, मास्टर मोहसिन खान और आरिफ खान सहित कई लोग उपस्थित रहे। यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रेरणादायक उदाहरण बन गया।

### मां की दूसरी शादी से नाराज बेटे ने की हत्या

**इटावा।** इटावा में बेटे ने अपनी मां की हत्या कर दी। वह मां की दूसरी शादी से नाराज था। वह 6 साल से मां की हत्या करने की फिराक में था। 28 जुलाई को उसे मौका मिल गया। वह मां को दवा दिलाने के बहाने घर से ले गया। बीच रास्ते में नदी के पुल पर गला दबा दिया। बेहोश होने के बाद स्कॉर्पियो से 3-4 बार कुचलकर मार डाला। बेटे के साथ इस काम में उसके 5 दोस्त भी शामिल थे। 28 जुलाई की रात में ही पुलिस ने महिला का खून से लथपथ शव बरामद किया। पुलिस ने आसपास के थानों और सोशल मीडिया पर महिला के फोटो भेजे। 24 घंटे बाद महिला का दूसरा पति सोशल मीडिया पर फोटो देखकर थाने पहुंचा। उसने महिला की पहचान अपनी पत्नी यशोदा देवी शर्मा (45) के रूप में की। पूछताछ में पता चला कि यशोदा का बेटा दवा दिलाने के लिए उसको ले गया था। घटना के 5 दिन के बाद पुलिस ने 2 अगस्त को यशोदा के पहले पति के बेटे कौशल (29) और उसके 3 साथियों को गिरफ्तार कर लिया। कौशल गांव में ही 8वीं तक स्कूल चलाता है। आरोपी बेटे ने बताया- मां की दूसरी शादी को लेकर पूरा गांव मेरे ऊपर भद्दे कमेंट करता था। इसी वजह से मैंने मां की हत्या कर दी। घटना बलरई थाना क्षेत्र के मढैया गांव की है।

## रिटायर्ड फौजी की सिर पर रॉड मारकर हत्या

**बस्ती।** बस्ती जिले के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। आर्मी से रिटायर्ड 70 वर्षीय रमापति पांडे की दिनदहाड़े बेरहमी से हत्या कर दी गई। हमलावर ने पहले सिर के बीचों-बीच रॉड से वार किया, फिर चाकू से गोद-गोदकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के वक्त बुजुर्ग का नाती घर पर नहीं था। मूल रूप से रुधौली थाना क्षेत्र के अंबारी गांव निवासी रमापति पांडे करीब डेढ़ साल से पुरानी बस्ती के एक मोहल्ले में किराए के मकान में 14 वर्षीय नाती के साथ रह रहे थे। उनके दो बेटे हैं— संतोष सेना में तैनात हैं, जबकि दूसरा बेटा संजीव बाहर काम करता है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार दोपहर करीब 2 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने रमापति पांडे पर जानलेवा हमला कर दिया। पहले सिर पर रॉड से वार किया गया, फिर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार किए गए। हमले के बाद शव कमरे में खून से सना पड़ा मिला। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## राज्यमंत्री ने बाढ़-बारिश के मद्देनजर अफसरों को दिये तैयारियां करने के निर्देश

### अधिकारी तालमेल बनाकर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्तिच करें

**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने पहाड़ों एवं मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश एवं बाढ़ की सम्भावनाओं के मद्देनजर जिला स्तरीय अधिकारियो को बाढ़ से निपटने के लिए तैयारियाँ किये जाने के निर्देश दिये है।

उन्होनें कहा की बाढ़ की सम्भावना से पूर्ण अधिकारी तालमेल बनाकर ऐसी व्यवस्था करे की भविष्य में यदि जनपद में बाढ़ की स्थिति बनती है तो बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगो को बचाव एवं राहत कार्यो को अंजाम देने में कोई दिक्कत न आ सकें।

जनपद जालौन में आयी बाढ़ विभीषिका की प्रभारी मंत्री के रूप में प्रभावितों को राहत पहुचाने हेतु कैम्प कर रहे राज्यमंत्री श्री गंगवार ने फोन पर बताया की लगातार हो रही बारिश से जनपद पीलीभीत में भी बाढ़ की आंशका बन गई है ऐसी स्थिति में बाढ़ पूर्व प्रशासनिक तैयारिया पहले से किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होनें मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ खण्ड के अधिशासी अभियन्ता, अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारियों सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को बाढ़ पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थायें एवं तैयारिया किये जाने के निर्देश दिये है।

उन्होनें पुलिस अधीक्षक से भी बाढ़ के मद्देनजर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होनें शहर में जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने एंव जल भराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी एवं साफ सफाई की विशेष व्यवस्था करने के भी निर्देश विभागीय अधिकारियों को दियें।

राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की बाढ़ बारिस के मद्देनजर प्रशासनिक स्तर से की जाने वाली तैयारियों में किसी भी तरह की शिथलता बर्दाश्त नही की जायेगी और इसकी जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## बेन-हर पब्लिक स्कूल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय कॉमर्स दिवस, आयोजित हुई कॉमर्स क्विज प्रतियोगिता

### हिमालया हाउस ने जीता प्रथम स्थान, अरावली और विंध्या ने भी दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**पीलीभीत।** बेन-हर पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय कॉमर्स दिवस के अवसर पर कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों के बीच कॉमर्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी हाउसेज़ से विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता की शुरुआत में प्रीलिमिनरी राउंड आयोजित किया गया, जिसमें कॉमर्स शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को चयनित किया गया।पूरे आयोजन की रूपरेखा और संचालन का कार्य एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा ने किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनकी शिक्षिकाओं के प्रयासों की सराहना की। हेडमिस्ट्रेस निर्मला शर्मा ने विद्यार्थियों से हर प्रतियोगिता में भाग लेने का आग्रह करते हुए उनके व्यक्तित्व विकास की दिशा में विद्यालय की भूमिका को रेखांकित किया। क्विज मास्टर्स के रूप में शिक्षकों सुलभ आनंद और शुभम शर्मा ने संचालन का दायित्व निभाया। प्रतियोगिता में शिक्षक विकास शुक्ला का विशेष सहयोग रहा। कड़े मुकाबले के बीच सर्वाधिक अंक अर्जित कर हिमालया हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अरावली हाउस ने द्वितीय और विंध्या हाउस ने तृतीय स्थान हासिल किया।प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रमुख छात्र-छात्राओं में जसराज सिंह, सानिध्य मिश्रा, कृष्णा अग्रवाल, शौर्य सिंह, माणिक गोयल, ओजस्व अग्रवाल, देवांशी रस्तोगी, तुबा जमाल, जसमन सिंह, श्रुति अग्रवाल और मंशा मित्तल शामिल रहे।विद्यालय परिवार द्वारा इस आयोजन को छात्रों के बौद्धिक विकास और टीम भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सफल प्रयास माना गया।

## पुरानी रंजिश में दबंगों ने घर में घुसकर मां-बेटी से की मारपीट, तहरीर दी

**दियोरिया ( पीलीभीत )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसुमा में पुरानी रंजिश के चलते दो महिलाओं सहित चार दबंगों ने घर में घुसकर मां-बेटी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष की ओर से कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, गांव कुसुमा निवासी शिवदयाल मजदूरी के सिलसिले में घर से बाहर रहता है। घर पर उसकी पत्नी जमुना देवी और बेटी ममता देवी ही रहती हैं।

पीड़ित जमुना देवी ने बताया कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व, शिवदयाल की गैरमौजूदगी में गांव के ही कुछ दबंगों ने रात में घर में घुसकर उसकी बेटी ममता से छेड़छाड़ व गाली-गलौज की थी। यह मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है।

इसी मामले की रंजिश को लेकर दबंग लगातार धमकी दे रहे हैं, जिससे भयभीत होकर ममता बीते दो वर्षों से रामनगर में अपने मामा के घर रातें बिताती है और दिन में घर लौटती है। पीड़ित पक्ष के अनुसार, एक अगस्त की रात को दबंगों ने फिर से घर में घुसकर बैटरी की रोशनी में घर की तलाशी ली।

जब कुछ नहीं मिला तो गाली-गलौज करते हुए लौट गए। पीड़िता ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने तक आरोपी भाग चुके थे।अगले दिन जब ममता घर लौटी, तो दबंगों ने पुन: घर में घुसकर ममता से मारपीट शुरू कर दी।

## जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी हुई संपन्न



**पीलीभीत।** पीएम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2025 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के तत्वावधान में राज्य विज्ञान शिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक अभिरुचि, अनुसंधान की प्रवृत्ति और अभिव्यक्ति क्षमता का विकास करना है। इस वर्ष संगोष्ठी का विषय क्वांटम युग का आरंभ- संभावनाएं एवं चुनौतियां निर्धारित किया गया था। कार्यक्रम में जिले के सभी बोर्डों से संबद्ध उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के अनेक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक विद्यालय से प्रथम स्थान प्राप्त छात्र ने जनपद स्तर पर अपनी प्रस्तुति दी। संगोष्ठी में पीएम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पीलीभीत की कक्षा 10 की छात्रा वरदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा प्रतिभा वर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं। दोनों छात्राएं अब मंडल स्तर की प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगी।निर्णायक मंडल में जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक चंद्रपाल गंगवार एवं पूर्व जिला समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिकाओं नीतू वर्मा और हिना अंसारी द्वारा किया गया।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों तथा शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।

## पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति को मार डाला

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। पहले उसके दोनों हाथ बांध दिए, फिर पेट पर चाकू से हमला किया। लाश की पहचान न हो, इसके लिए बॉडी पर तेजाब उड़ेल दिया। इसके बाद लाश को बंद पड़े ईंट-भट्ठे में फेंककर भाग गए। 2 अगस्त को पति की लाश मिली। सूचना पर पहुंचे घरवालों ने लाश की शिनाख्त अपने बेटे यूसुफ के रूप में की। घरवालों ने ने पत्नी तबस्सुम और उसके प्रेमी दानिश पर हत्या का आरोप लगाया। इसके बाद पुलिस ने पत्नी तबस्सुम की कॉल डिटेल खंगाली। इसमें एक नंबर ऐसा मिला, जिससे उसकी लगातार बात हो रही थी। शक के आधार पर पुलिस ने 3 अगस्त को पत्नी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल लिया। उसका प्रेमी दानिश फरार है, जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

## यूरिया खाद को लेकर किसानों की भारी भीड़, कई बार चक्कर लगाने के बाद भी नहीं मिली खाद

### पर्चीधारी किसानों को ही मिल रही खाद, वितरण में भेदभाव का आरोप




**दियोरिया ( पीलीभीत )।** क्षेत्र के मकरन्दापुर गांव में किराए के भवन में संचालित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड में यूरिया खाद के लिए किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खाद वितरण में पारदर्शिता की कमी और भेदभाव के आरोप सामने आ रहे हैं। पर्ची लेने के बावजूद भी कई किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है।किसानों ने बताया कि समिति द्वारा प्रति एकड़ एक कट्टा यूरिया दिया जा रहा है। इसके लिए आधार कार्ड और फर्द की फोटो प्रतियां जमा करनी होती हैं। जमा करने के बाद हस्तलिखित पर्चियां दी जाती हैं और उन्हीं पर खाद का वितरण होता है।किसान प्रदीप कुमार ने बताया कि उन्होंने सुबह से ही सभी जरूरी कागज जमा कर दिए थे, लेकिन उन्हें अब तक खाद नहीं मिली, जबकि उनके बाद में आए कई किसानों को खाद दी जा चुकी है। किसान सीमा देवी ने भी आरोप लगाया कि उन्होंने सुबह ही गोदाम खुलने से पहले सभी कागजात जमा कर दिए थे, फिर भी खाद नहीं मिली।सुरेश चंद्र नामक किसान ने बताया कि वह पिछले दस दिनों से गोदाम के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक खाद नहीं मिल पाई है। किसानों ने आरोप लगाया कि गोदाम से खाद का वितरण कुछ चुनिंदा चहेते लोगों को प्राथमिकता देकर किया जा रहा है। प्रेमपाल, जो सोमवती के पुत्र हैं, ने बताया कि कागजात देने के बावजूद उन्हें कई चक्कर लगाने पड़े, तभी जाकर उन्हें खाद मिल पाई।

किसानों का कहना है कि गोदाम पर अजयपाल नाम का एक व्यक्ति कागज लेकर पर्चियां बांटता है और वहीं खाद वितरण भी करता है। कई किसानों ने मायूस होकर वापस लौटने की बात कही।

कृषि विभाग और प्रशासन से किसानों ने मांग की है कि खाद वितरण में पारदर्शिता लाई जाए और सभी किसानों को समान रूप से खाद उपलब्ध कराई जाए।

## मां के नाम एक पेड़ अभियान से गूंजा खपरैल घोटिया गांव, युवाओं ने किया वृक्षारोपण



**पीलीभीत।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की मेरा युवा भारत पहल के अंतर्गत ब्लॉक मारौरी के खपरैल घोटिया गांव में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक पहल का उद्देश्य न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था, बल्कि युवाओं में प्रकृति के साथ भावनात्मक जुड़ाव और मातृत्व के प्रति सम्मान को भी मजबूती देना था।कार्यक्रम के तहत ग्रामीण युवा क्लब के सदस्यों ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधारोपण कर पर्यावरणीय जिम्मेदारी का एक भावनात्मक संदेश दिया। युवाओं ने नीम, पीपल और आम जैसे देशी प्रजातियों के पौधे लगाए, जो दीर्घकालिक पर्यावरणीय लाभ के लिए प्रसिद्ध हैं।कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक धीरेन्द्र ने कहा, अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना न केवल उनके बलिदान को श्रद्धांजलि है, बल्कि यह पर्यावरण के उज्जवल भविष्य की ओर एक सार्थक कदम भी है।

## आजमगढ़ में 6 आरोपियों को सजा

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में घाट के ठीके को लेकर हुए विवाद मंडई तथा नाव जला दिए जाने के मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने छह आरोपियों को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास तथा प्रत्येक को नब्बे हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नंबर दो अमर सिंह ने सोमवार को सुनाया। अदालत ने मुकदमे की आधी धनराशि वादी मुकदमा को भी देने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा गोपाल साहनी निवासी कुड़ही थाना महाराजगंज 21 जनवरी 2005 की शाम पांच बजे शाहपुर घाट के उत्तरी छोर पर अपनी रिहायशी मंडई में मौजूद था। तभी सरवन पांडेय निवासी खीरीजोत,विजयी निवासी आराजी खलगा, जगई उर्फ जगन्नाथ तथा पन्ने लाल निवासी जजमन जोत, साजन साहनी को बुरी तरह से मारापीटा और मंडई में आग लगा दिए। उसके बाद नाव पर सवार होकर दक्षिणी छोर पर चले गए और उसकी घाट की नाव को भी जला दिया।

# आपको गुमराह कर रहे मुनीर, पाकिस्तान में नहीं है तेल का भंडार, बलूच नेता ने ट्रंप को लिखा पत्र

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के साथ मिलकर तेल भंडार को विकसित करने के लिए उतावले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बलूच नेता ने पत्र लिखकर सच बताया है। बलूच नेता मीर यर बलूच ने ट्रंप से कहा है कि जनरल आसिम मुनीर ने आपको पाकिस्तान में तेल भंडार को लेकर गुमराह किया है। पाकिस्तान में कोई भी तेल या खनिज भंडार नहीं है। यह सब बलूचिस्तान में हैं।

पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ समझौते का एलान किया था। ट्रंप ने कहा था कि वे दक्षिण एशियाई देश के तेल भंडार को विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। हमने अभी-अभी पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत पाकिस्तान और अमेरिका अपने विशाल तेल भंडार को विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। हम उस तेल कंपनी का चयन करने की प्रक्रिया में हैं जो इस साझेदारी का नेतृत्व करेगी। इससे पहले पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने ट्रंप के साथ लंच किया था और अपने देश में तेल भंडार होने की जानकारी दी थी।



इस पर बलूच नेता मीर यार बलूच ने ट्रंप को पत्र लिखकर चेताया है। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि इस क्षेत्र में विशाल तेल और खनिज के भंडार हैं। लेकिन पूरे सम्मान के साथ बताना चाहते हैं कि पाकिस्तानी सैन्य नेतृत्व जनरल आसिम मुनीर ने आपको पाकिस्तान के भूगोल और स्वामित्व के बारे में गुमराह किया है। उन्होंने कहा कि तेल, प्राकृतिक गैस, तांबा, लिथियम, यूरेनियम और दुर्लभ खनिज भंडार पाकिस्तान में नहीं हैं। बल्कि यह बलूचिस्तान में हैं। जो अलग संप्रभु राष्ट्र और पाकिस्तान के कब्जे में है। ये संसाधन पाकिस्तान के हैं, यह दावा पूरी तरह झूठ है। पाकिस्तान ने राजनीतिक और वित्तीय लाभ के लिए बलूचिस्तान की संपत्ति का दुरुपयोग करने का प्रयास किया है।

उन्होंने पत्र में लिखा कि बलूचिस्तान बिकाऊ नहीं है। हम बलूच लोगों की स्पष्ट सहमति के बिना पाकिस्तान, चीन या किसी अन्य विदेशी शक्ति को अपनी भूमि या उसके संसाधनों का दोहन करने की अनुमति नहीं देंगे। हमारी संप्रभुता पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता और उचित स्वामित्व और स्वतंत्रता के लिए हमारा संघर्ष गरिमा और दृढ़ता के साथ जारी है। हम अमेरिका सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील करते हैं कि वे इन सच्चाइयों को स्वीकार करें और बलूच लोगों की स्वतंत्रता और अपनी मातृभूमि तथा प्राकृतिक संपदा पर नियंत्रण की वैध आकांक्षाओं का समर्थन करें।

आपको बता दें कि मीर यार बलोच की तरफ से ट्रंप के नाम यह खत ऐसे समय में सामने आया है, जब ट्रंप ने भारत पर दवाब बनाने की रणनीति के चलते पाकिस्तान के साथ तेल को लेकर व्यापारिक समझौता किया है। ट्रंप का कहना है कि वह पाकिस्तान के साथ मिलकर उसके क्षेत्र में तेल की खोज करेंगे। दोनों देशों की खोज का मुख्य क्षेत्र बलूचिस्तान वाला जमीनी हिस्सा और समुद्री सीमा में ही होगा। ऐसे में बलूच नेताओं की चिंता जायज है। बलूच नेताओं की चेतावनी को हल्के में इसलिए भी नहीं लिया जा सकता क्योंकि इस क्षेत्र में चीन की मौजूदगी का वह बहुत लंबे समय से मुकाबला कर रहे हैं। इस मुकाबले में चीन और पाकिस्तान दोनों के काफी संसाधन खर्च हुए हैं और लोगों की जान गई है।

## खैबर पख्तूनख्वा में मोर्टार के गोले को गेंद समझ खेल रहे थे बच्चे, फटने से 5 की मौत, 12 घायल

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मरवात जिले में मोर्टार के गोले के फटने से 5 बच्चों की मौत हो गई। 12 घायल हो गए। बच्चों को यह गोला खेत में मिला था। इसे गेंद समझकर वह सोरबंद स्थित अपने गांव ले आए और खेलने लगे, तभी गोला फट गया। बन्नू क्षेत्र के पुलिस प्रवक्ता आमिर खान ने शनिवार को बताया कि घायलों को बन्नू के खलीफा गुल नवाज अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बन्नू क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी (आरपीओ) सज्जाद खान ने कहा कि प्रभावित परिवारों को पूरी सहायता मिलेगी और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। आरपीओ ने कहा, बम निरोधक दस्ता विस्फोट स्थल पर पहुंचा था। फोरेंसिक साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। दरअसल, यह घटना पाकिस्तान में बिना फटे गोला-बारूद के लगातार बढ़ते खतरे को उजागर करती है। स्थानीय अखबार डॉन के अनुसार अक्टूबर 2023 में बलूचिस्तान के वाध में एक ग्रेनेड विस्फोट में बच्चे की मौत हुई थी। आठ घायल हुए थे। एक महीने पहले सिंध के काशमोर में एक घर में रॉकेट लॉन्चर के फटने से चार बच्चों समेत नौ लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारी उन क्षेत्रों में सावधानी बरतने का आग्रह कर रहे।

## यूक्रेन के परमाणु केंद्र पर हमला, अंतरराष्ट्रीय परमाणु एजेंसी का दावा- धमाके के बाद धुंआ उठता देखा

**कीव, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने शनिवार को दावा किया है कि यूक्रेन के एक परमाणु केंद्र पर हमला हुआ है। एजेंसी ने कहा कि उन्होंने यूक्रेन के जापोरिजिया परमाणु केंद्र के नजदीक धमाके की आवाज सुनी और परमाणु केंद्र के एक हिस्से से धुंआ उठता देखा। अभी धमाके में हुए नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने दावा किया यूक्रेन के जापोरिजिया परमाणु केंद्र पर तैनात उनकी एक टीम ने शनिवार को परमाणु केंद्र के नजदीक धमाकों की आवाज सुनी और साथ ही नजदीकी ठिकाने से धुआं उठता देखा।

## संक्षिप्त समाचार

### सिख कारोबारी सुखी चहल की अमेरिका में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत, पुलिस जांच में जुटी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** खालिस्तानियों का पुरजोर विरोध करने वाले सिख सुखी चहल की अमेरिका के कैलिफोर्निया में संदिग्थ परिस्थितियों में मौत हो गई है। सुखी चहल अमेरिका में ही रहकर कारोबार करते थे। वह अकसर खालिस्तान के विरोध में बयान भी दिया करते थे। जानकारों का कहना है कि उन्होंने अमेरिका में खालिस्तानियों की नाक में दम कर रखा था। सुखी के एक करीबी दोस्त जसपाल सिंह ने कहा कि शनिवार को उन्हें एक परिचित व्यक्ति ने डिनर पर बुलाया था। खाना खाने के बाद ही उनकी तबीयत खराब हो गई और मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पहले से सुखी को कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या नहीं थी। सुखी की अचानक मौत से कई सवाल भी उठ रहे हैं। विदेश में खालिस्तानियों की गतिविधियों के खिलाफ सुखी अकसर मोर्चा खोले रहते थे। वहीं वॉशिंगटन में खालिस्तानी संगठनों के जनमत संग्रह से पहले उनकी अचानक मौत ने राज और गहरे कर दिए हैं। 17 अगस्त का खालिस्तानी संगठन वॉशिंगटन डीसी में जनमत संग्रह करवाने वाले हैं। खालसा टुडे के संस्थापक और सीईओ सुखी चहल को अकसर खालिस्तानी धमकी देते रहते थे। इसके बाद भी वह निडर होकर खालिस्तानियों की आलोचना करते थे। सुखी के करीबी बूटा सिंह कलेर ने कहा कि उनकी मौत के बाद भारत का समर्थन करने वाले समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है। कलेर ने कहा, पुलिस उनकी मौत की जांच कर रही है। ऑटोप्सी रिपोर्ट में सच सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा, सुखी हमेशा ही भारतीयों को यही सलाह देते थे कि अमेरिका में रहना है तो यहां के कानून का पालन करना पड़ेगा। इसके अलावा अपराध से दूर रहना होगा। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने लिखा था, अमेरिका में कानून व्यवस्था बेहद कड़ी है। अगर आप कानून तोड़ते हैं तो आपका वीजा रद्द हो सकता है और आपको अमेरिका से वापस जाना पड़ सकता है।

### फिलिस्तीन की आजादी तक इजरायल से जंग रहेगी, हमास का हथियार छोड़ने से इनकार

**गाजा, एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध में शांति के दरवाजे एक-एक करके बंद होते नजर आ रहे हैं। इजरायल की तरफ से 60 दिन के सीजफायर के दिए गए प्रस्ताव को हमास ने अस्वीकार कर दिया है। हमास की तरफ से कहा गया है कि जब तक वह स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना नहीं कर लेते, तब तक हथियार नहीं छोड़ेंगे। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक हमास ने बयान जारी करके कहा , वह सशस्त्र प्रतिरोध के अधिकार को तब तक नहीं छोड़ सकता जब तक कि यरूशलेम को अपनी राजधानी के रूप में एक स्वतंत्र, पूर्ण संप्रभु फिलिस्तीनी राज्यन बन जाए। हमास की तरफ से यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जबकि कतर, फ्रांस और मिस्त्र की मध्यस्थता में कुछ दिन पहले ही शांति प्रस्ताव को लेकर अप्रत्यक्ष बातचीत समाप्त हुई है। इसमें प्रस्ताव रखा गया था कि इस क्षेत्र में दो-राष्ट्र सिद्धांत को अपनाया जाएगा और हमास अपने हथियारों को फिलिस्तीनी प्राधिकरण को सौंप देगा। अब, जबकि हमास ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है, तो ऐसे में इसके भी ठंडे बस्ते में जाने की आशंका है। आपको बता दें इजरायली सरकार का शांति प्रस्ताव को लेकर सबसे बड़ी शर्त यही रही है कि हमास को हथियार डालने होंगे। वहीं दूसरी हो हमास लगातार इस बात पर अड़ा रहा है कि वह हथियार नहीं छोड़ेगा। दोनों पक्षों के बीच चल रही इस हां और न के बीच इजरायल लगातार गाजा में बम बरसा रहा है, जिससे अभी तक हजारों लोगों की जान जा चुकी है और लाखों की संख्या में लोग भुखमरी की और बढ़ गए हैं। गौरतलब है कि पिछले महीने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भविष्य में फिलिस्तीनी राज्य के विचार को भी खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि अगर यह बना तो यह इजरायल को नष्ट करने वाले एक मंच की तरह होगा। इतना ही नहीं उन्होंने फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देने वाले यूके और कनाडा समेत कई देशों की आलोचना भी की थी।

### अमेरिका के न्यूयॉर्क में भूकंप के झटके

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के प्रमुख शहर न्यूयॉर्क में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप के इन झटकों की तीव्रता 3.0 रही। यूरोपीय भूकंपीय एजेंसी ने बताया कि भूकंप के झटके शनिवार रात करीब 10 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र मैनहट्टन शहर से 13 किलोमीटर दूर ग्रेटर न्यूयॉर्क इलाके में जमीन में 10 मीटर की गहराई में था। भूकंप में फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। इधर पाकिस्तान में रविवार देर रात भूकंप से धरती कांप उठी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.8 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने बताया कि भूकंप भारतीय समयानुसार आधी रात को करीब 12:40 बजे आया। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था। इससे पहले शनिवार को भी खैबर पख्तूनख्वा, पंजाब और इस्लामाबाद सहित पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में 5.4 तीव्रता के भूकंप ने हलचल मचाई थी।

## हमास कमांडर सलाह अल-दीन जारा को आईडीएफ ने मार गिराया, गाजा सुरंग में छिपे आतंकियों ने किया आत्मसमर्पण



**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने दावा किया है कि उसने हमास कमांडर सलाह अल-दीन जारा को मार गिराया है। वह हमास आतंकवादी संगठन में अल-फुरकान बटालियन का उप-कमांडर था। आईडीएफ का कहना है कि वह 24 जुलाई, 2025 को मारा गया। इसके अलावा, उत्तरी गाजा पट्टी के बेत हनून इलाके में सुरंग में छिपे आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आईडीएफ के अनुसार, जारा पहले बटालियन की लड़ाकू सहायता कंपनी का कमांडर था। उसने गाजा पट्टी में इस्राइली नागरिकों और आईडीएफ बलों पर कई हमले करवाए थे।

# 100-200 नहीं, 1178 कैदियों को मिली रिहाई, राष्ट्रपति सुबियांतो की योजना के तहत लिया फैसला

**जकारता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो ने देश में राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाया है। अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के पहले दो महीनों में ही उन्होंने सैकड़ों कैदियों को माफी देकर रिहा करने की प्रक्रिया शुरू की है। इस फैसले में राजनीतिक अपराधों में सजा काट रहे कई लोगों को भी रिहा किया गया है। इसे राष्ट्रपति की 'यूनिटी प्लान' यानी राष्ट्रीय एकता योजना का पहला चरण माना जा रहा है।

अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति सुबियांतो द्वारा हस्ताक्षरित राष्ट्रपतीय डिक्री के तहत 1178 कैदियों को शुक्रवार को रिहा किया गया। संसद के उपाध्यक्ष सफमी डास्को अहमद और कानून मंत्री सुप्रातमान एंडी आगतास ने इसकी घोषणा की। यह पहला चरण है, जिसमें कुल 44,000 कैदियों को रिहा किए जाने की योजना है। प्राथमिकता राजनीतिक कैदियों, बीमार, बुजुर्ग, नाबालिग और धार्मिक भावनाओं को लेकर सजा पाए लोगों को दी जा रही है। पीडीआई-पी नेता हास्तो क्रिस्तियान्तो को मिली रिहाई इस रिहाई सूची में इंडोनेशियाई डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ स्ट्रगल के महासचिव हास्तो क्रिस्तियान्तो भी शामिल हैं, जो देश की इकलौती



औपचारिक विपक्षी पार्टी के नेता हैं। वे भ्रष्टाचार के एक मामले में साढ़े तीन साल की सजा काट रहे थे। फरवरी से दक्षिण जकार्ता की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी की हिरासत में थे। रिहाई के बाद उन्होंने समर्थकों से कहा कि हमें इस घटना से सीख लेनी चाहिए।

पूर्व मंत्री टॉम लेम्बॉन्ग पर भी केस वापस पूर्व व्यापार मंत्री टॉम लेम्बॉन्ग, जो पहले राष्ट्रपति जोको विडोडो के करीबी थे और बाद में प्रतिद्वंद्वी अनिस बसवेदान का समर्थन करने लगे, उनके खिलाफ चल रही कानूनी कार्रवाई भी वापस ले ली गई है। उन पर 2024 के चुनाव के दौरान चीनी आयात लाइसेंस में गड़बड़ी का आरोप था। पश्चिम पापुआ के अलगाववादी कार्यकर्ता भी रिहा इस रिहाई की सूची में पश्चिम पापुआ के छह स्वतंत्रता समर्थक कार्यकर्ता भी शामिल हैं, जिन्हें देशद्रोह के आरोप में कैद किया गया था। सरकार का कहना है कि यह कदम राष्ट्रीय एकता को मज़बूत करने की दिशा में है और ऐसे लोगों को रिहा किया जा रहा है, जिन्होंने किसी न किसी रूप में देश की सेवा की है। दूसरी सूची में और 1668 कैदी होंगे शामिल कानून मंत्री आगतास ने बताया कि जल्द ही दूसरी सूची भी संसद में पेश की जाएगी, जिसमें 1668 और कैदियों के नाम होंगे। इस पूरे अभियान को राष्ट्रपति सुबियांतो की नई और समावेशी नीति के रूप में देखा जा रहा है, जिसका मकसद देश में राजनीतिक और सामाजिक ध्रुवीकरण को खत्म करना है।

## लंदन में आमने-सामने प्रवासियों के समर्थक और विरोधी, होटल के बाहर किया गया जोरदार प्रदर्शन

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में शनिवार को प्रवासियों को लेकर दो विरोधी गुटों के बीच टकराव हुआ। ये प्रदर्शन एक होटल के बाहर हुए, जहां शरणार्थियों को ठहराया गया है। एक तरफ कई सौ लोग यूनियन जैक (ब्रिटेन का झंडा) लहराते हुए थिसल सिटी बार्बिकन होटल के बाहर इकट्ठा हुए। उन्होंने होटल में रह रहे प्रवासियों के खिलाफ नारे लगाए जैसे- ब्रिटेन भर गया है और गंदे लोग। उनका कहना था कि यह होटल प्रवासियों के लिए बंद कर दिया जाना चाहिए। दूसरी ओर, एक बड़ी संख्या में लोग शरणार्थियों का स्वागत है जैसे नारे लगाते हुए इनका विरोध कर रहे थे। पुलिस ने दोनों गुटों को अलग-अलग रखने के लिए मोर्चा संभाला। होटल के अंदर मौजूद लोग इन विरोध प्रदर्शनों को खिड़कियों से देख रहे थे। ऐसे ही प्रदर्शन हाल ही में लंदन के बाहरी इलाके एपिंग में भी हुए, जहां एक प्रवासी पर यौन शोषण का आरोप लगा था। इसके अलावा इंग्लैंड के कई अन्य शहरों में भी प्रवासी-विरोधी प्रदर्शन हुए हैं। प्रदर्शनकारी कह रहे हैं कि वे प्रवासियों



से सुरक्षा को खतरा महसूस कर रहे हैं, खासकर वे प्रवासी जो हाल ही में छोटी नावों से इंग्लिश चैनल पार कर ब्रिटेन पहुंचे हैं। इनमें से ज्यादातर युवा पुरुष हैं। इन प्रदर्शनों में कुछ स्थानीय लोग शामिल हुए, लेकिन कई प्रदर्शन दक्षिणपंथी (फार-राइट) गुटों की तरफ से आयोजित या समर्थित भी थे। एक साल पहले, गर्मियों के मौसम में कई दिनों तक इंग्लैंड और नॉर्दर्न आयरलैंड में प्रवासी विरोधी दंगे हुए थे। तब भीड़ ने प्रवासियों को ठहराने वाले होटलों, मस्जिदों, पुलिस स्टेशनों और एक पुस्तकालय पर हमला किया था। कुछ हमलावरों ने गैर-श्वेत लोगों को भी निशाना बनाया था, और पुलिस पर ईंटें और आतिशबाजियां फेंकी थीं। इस हिंसा की शुरुआत साउथपोर्ट शहर में एक डांस क्लास के दौरान हुई थी, जहां तीन लड़कियों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैली कि हमलावर कोई नया प्रवासी है, जबकि असल में हत्यारा ऐक्सेल रूडकुबाना एक ब्रिटिश जन्मा 17 साल का युवक था। वहीं इसे लेकर तमाम विशेषज्ञ और सामाजिक संगठन कह रहे हैं।

## कबाइली इलाकों में सैन्य अभियान के खिलाफ इमरान खान, अपनी पार्टी के सीएम से कहा- आप इसकी मंजूरी न दें

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने खैबर पख्तूनख्वा के अपनी पार्टी के सीएम से कहा है कि वे अपने राज्य में सेना के अभियान को मंजूरी न दें। इमरान खान ने मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर को स्पष्ट संदेश में कहा है कि संघीय सरकार को खैबर पख्तूख्वा और उसके कबाइली इलाकों में एक और सैन्य अभियान शुरू करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इमरान का यह बयान ऐसे समय में आया है जब सुरक्षा बलों ने तोपखाने और गनशिप हेलीकॉप्टरों के साथ इस हफ्ते की शुरुआत में बाजौर जिले की लोवी मामुंड तहसील में ऑपरेशन सरबकाफ शुरू किया था। सेना ने इस क्षेत्र में तीन दिनों का कर्फ्यू लगा दिया है, जिस पर पीटीआई नेतृत्व ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक संदेश में इमरान खान ने कहा, मैं अली अमीन को स्पष्ट संदेश देता हूं कि संघ को खैबर पख्तूनख्वा और कबाइली इलाकों में एक और सैन्य अभियान चलाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। सेना और जनता के बीच टकराव सैन्य संस्था को नष्ट कर देता है। अभियान किसी भी समस्या का समाधान नहीं हैं। मुद्दों को वहां की व्यवस्था के अनुसार बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए।



गौरतलब है कि इमरान खान इस अकाउंट को खुद संचालित नहीं करते। इमरान खान के सोशल मीडिया पोस्ट में ये भी कहा गया है कि अफगानिस्तान हमारा मुस्लिम पड़ोसी देश है। उनके साथ भी संबंध बेहतर करने की कोशिश होनी चाहिए और बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाया जाना चाहिए। इमरान खान के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने अपने निजी एक्स अकाउंट पर साझा पोस्ट में कहा कि उन्होंने इमरान खान की बात को ध्यान में रखते हुए प्रांत में कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए पहले ही कई जिरगाओं की बैठक कराई थी। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस हफ्ते की शुरुआत में गंडापुर ने उग्रवादियों के खिलाफ सैन्य अभियान समर्थन किया था।

# हमारी परमाणु पनडुब्बियों की संख्या बहुत ज्यादा, अब रूसी सांसद की ट्रंप को चुनौती

**मॉस्को, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने के आदेश पर रूस की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। रूस की संसद डूमा के एक वरिष्ठ सदस्य विक्टर वोडोलात्स्की ने कहा है कि विश्व महासागरों में रूसी परमाणु पनडुब्बियों की संख्या अमेरिका की तुलना में कहीं अधिक है, और अमेरिकी पनडुब्बियां पहले से ही रूसी कंट्रोल रूम के रडार में हैं।

वोडोलात्स्की ने रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस से कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिन पनडुब्बियों को उपयुक्त क्षेत्रों की ओर भेजने की बात कही है, वे पहले से ही हमारे नियंत्रण के अंतर्गत हैं। इसलिए रूसी संघ की ओर से कोई विशेष प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता नहीं है।ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा था कि उन्होंने दो अमेरिकी परमाणु पनडुब्बियों को उन क्षेत्रों की ओर भेजने का आदेश दिया है, जहां उत्तेजक गतिविधियांबढ़ रही हैं। ट्रंप की यह प्रतिक्रिया रूस के पूर्व राष्ट्रपति और वर्तमान में सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव के कथित भड़काऊ बयानों के बाद आई।

वोडोलात्स्की ने चुनौती भरे अंदाज में कहा, अमेरिका की दो पनडुब्बियों को आने दीजिए, वे पहले से ही हमारे निशाने पर हैं। अब जरूरत है कि रूस और अमेरिका के बीच एक मौलिक समझौता हो, जिससे दुनिया भर में तीसरे विश्व युद्ध को लेकर जारी अटकलें समाप्त हों।इस बीच, रशिया इन ग्लोबल अफेयर्स पत्रिका के प्रधान संपादक फ्योदोर लुक्यानोव ने ट्रंप के बयान को फिलहाल गंभीरता से न लेने की सलाह दी है। उन्होंने



कहा, ट्रंप अपने चैनल पर अपनी भावनाओं के अनुसार प्रतिक्रिया देते हैं। अमेरिकी सशस्त्र बल और नौसेना ने शायद यह बयान आश्चर्य से पढ़ा होगा। यदि यह वाकयुद्ध यूं ही चलता रहा, तो ट्रंप को वास्तव में कुछ कदम उठाने पड़ सकते हैं, लेकिन अभी यह केवल शब्दों तक सीमित है। ट्रंप के बयान के बाद रूसी शेयर बाजार पर भी असर देखने को मिला। मॉस्को एक्सचेंज इंडेक्स शुक्रवार शाम 8:01 बजे (भारतीय समय अनुसार 10:31 बजे रात) तक 2,709.26 अंक (0.99प्रतिशत) गिर गया। इस घटनाक्रम के बीच, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के हालिया बयान का स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने अमेरिका और रूस के बीच प्रत्यक्ष सैन्य टकराव से बचने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया था।

# भारत ने रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को हराया, सीरीज बराबर

**लंदन (एजेंसी)।** भारत ने उतार-चढ़ाव से भरे बेहद रोमांचक पांचवें और अंतिम टेस्ट के पांचवें दिन सोमवार को यहां मोहम्मद सिराज के करिश्माई प्रदर्शन से इंग्लैंड को 6 रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर कर दी जिसे क्रिकेट की दो दिग्गज टीमों के बीच बेहद कड़े मुकाबले के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

सिराज ने तूफानी गेंदबाजी का नजारा पेश करते हुए 104 रन देकर 5 विकेट चटकाए और टीम की जीत के नायक साबित हुए। उन्होंने श्रृंखला में कुल 23 विकेट चटकाए और दोनों टीमों में सबसे सफल गेंदबाज रहे। भारत के 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चौथे दिन जब छह विकेट पर 339 रन बनाए थे जब खराब रोशनी और बारिश के कारण खेलना रोकना पड़ा था। इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 35 रन जबकि भारत को चार विकेट की दरकार थी।

सिराज की अगुआई में भारत ने हालांकि इंग्लैंड को 85.1 ओवर में 367 रन पर समेट दिया और रोमांचक जीत दर्ज की। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी 126 रन देकर 4 विकेट चटकाए। कंधे में चोट बावजूद क्रिस वोक्स एक हाथ में बल्ले थामे अंतिम बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर उतरे और काफी दर्द के बावजूद मैदान पर डटे रहे लेकिन अंततः सिराज ने गस एटकिंसन (17) को बोल्ड करके भारत को जीत दिला दी।

इंग्लैंड ने लीड्स में पहला मैच पांच विकेट से जीत दर्ज की थी जबकि भारत ने बर्मिंघम में जोरदार वापसी करते हुए दूसरा टेस्ट 336 रन से जीता था। लार्ड्स में तीसरे टेस्ट में मेजबान टीम ने 22 रन की रोमांचक जीत दर्ज की जबकि मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। इसके बाद भारत ने जो रूट और हैरी ब्रूक की शतकीय पारियों के बावजूद चौथी शाम चार विकेट चटकाकर जोरदार वापसी की और फिर श्रृंखला के अंतिम दिन जीत दर्ज की।



# सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ जीत की सरल योजना का खुलासा किया



**लंदन (एजेंसी)।** भारत ने लंदन के ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को 6 रन से हराकर पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला बराबर की। पारी में 5 और मैच में कुल 9 विकेट लेकर जीत के सूत्रधार रहे मोहम्मद सिराज को प्लेयर ऑफ द मैच मिला। जीत के बाद सिराज ने योजना का खुलासा किया जो इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए बनाई थी।

सिराज ने कहा, 'सच कहूं तो, यह बहुत अच्छा लग रहा है। हम पहले दिन से ही कड़ी टक्कर देना चाहते थे और यह नतीजा देखकर बहुत अच्छा लगा। हमारी योजना थी कि इसे सरल रखा जाए और एक ही जगह पर गेंद डाली जाए। आज जब मैं उठा तो मुझे विश्वास था कि मैं आज यह कर सकता हूं। अगर मैंने वह कैच ठीक से पकड़ा होता, तो शायद हमें आज यहां आने की जरूरत ही न पड़ती। लेकिन ब्रूक ने वाकई बहुत अच्छा खेला। यह दिल तोड़ने वाला पल था। वह बस मुझे गेंद को बीच में रखने के लिए कह रहे थे। अपने पिता को और यहां तक पहुंचने के लिए की गई आपकी कड़ी मेहनत को याद करो।'

गौर हो कि भारत ने टॉस हारने के बाद पहली पारी में करुण नायर के अर्धशतक (57) की बदौलत 224 रन बनाए। नायर के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज पहली पारी में चल नहीं सका। लेकिन मोहम्मद सिराज (4) और प्रसिद्ध कृष्णा (4) ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 247 पर रोक दिया जिसमें जैक क्रॉली और हैरी ब्रुक ने अर्धशतक लगाए।

इंग्लैंड द्वारा मामूली बढ़त (23) के बाद भारत ने दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल के शतक (118) और आकाशदीप (66), रविंद्र जडेजा (53) तथा वाशिंगटन सुंदर (53) के अर्धशतकों की बदौलत 396 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम की शुरूआत खराब रही लेकिन हैरी ब्रुक ने 19 रन पर मिले जीवनदार का फायदा उठाते हुए जो रूट (105) के बाद शतकीय पारी (ब्रुक 111) खेली। लेकिन करीबी मुकाबले में भारत ने मोहम्मद सिराज (5) और प्रसिद्ध कृष्णा (4) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत 6 विकेट से जीत दर्ज की।

# सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद फिट होने के लिए एनसीए पहुंचे, एशिया कप की तैयारी शुरू



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद एशिया कप से पहले पूरी तरह फिट होने के लिए इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (NCA) में है। सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में पुनर्वास और फिटनेस आकलन के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सेंटर में रिपोर्ट की थी। पूरी तहर फिट न होने के कारण उन्हें पश्चिम क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने दलीप ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर रखा। ऐसा माना जा रहा है कि सूर्यकुमार ने उन्हें सूचित कर दिया था कि उन्होंने सीओई जांच करा ली है।

म्यूनिख में हुई उनकी हर्निया की सर्जरी के बाद वह पुनर्वास की प्रक्रिया में है। सूर्यकुमार का अगला बड़ा टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक UAE में होने वाला एशिया कप है। इस तेजतरर्र टी-20 बल्लेबाज से इस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करने की उम्मीद है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों के अनुसार उन्हें इस आयोजन से पहले पूरी तरह फिट होने का भरोसा है। उन्हें आखिरी बार आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए देखा गया था।

इस बीच पता चला है कि श्रेयस अय्यर पिछले हफ्ते फिटनेस टेस्ट के लिए सीओई आये थे। अब वह मुंबई लौट गये हैं और माना जा रहा है कि यह दौरा नियमित जांच के लिए था। बताया जा रहा है कि वह पूरी तरह फिट हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। एशिया कप के लिए चुने जाने तक, उन्हें दलीप ट्रॉफी में खेलना चाहिए।

अय्यर आखिरी बार आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स फ्रैंचाइजी की कप्तानी करते हुए देखे गए थे। आईपीएल के बेहद सफल सीजन के बाद एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए भारतीय टेस्ट टीम में उनके शामिल होने की काफी अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अपेक्षित चयन नहीं हो पाया। उल्लेखनीय है कि चार दिवसीय दलीप ट्रॉफी मैच 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होंगे, लेकिन पश्चिम क्षेत्र की टीम जिसे सीधे सेमीफाइनल में जगह दी गई है। अपना पहला मैच चार सितंबर से खेलेगी।

# फरहान और अयूब का शानदार प्रदर्शन, पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज जीती



**फ्लोरिडा (अमेरिका) (एजेंसी)।** साहिबजादा फरहान और सैम अयूब के अर्धशतकों की बदौलत पाकिस्तान ने सोमवार को फ्लोरिडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरा और अंतिम टी20 मैच 13 रनों से जीतकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सैम अयूब और साहिबजादा फरहान की सलामी जोड़ी ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 47 रन जोड़कर पाकिस्तान को शानदार शुरुआत दिलाई।

उन्होंने लय बरकरार रखी और पारी के मध्य तक टीम का स्कोर बिना किसी नुकसान के 82 रन तक पहुंचाकर पाकिस्तान का दबदबा और बढ़ा दिया। फरहान ने अपना तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक पूरा किया। अयूब ने भी अपने साथी के साथ मिलकर अपना दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक पूरा किया और पाकिस्तान के लिए 100 रनों की शुरुआती साझेदारी पूरी की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 138 रन जोड़े, इससे पहले कि शमर जोसेफ ने 17वें ओवर में फरहान को 74 रन पर आउट कर दिया। हसन नवाज ने रोस्टन चेज की गेंद पर अपना विकेट गंवाने से पहले कुछ बड़े शॉट खेले, इसके बाद हारिस रन आउट हो गए और वेस्टइंडीज ने मैच में वापसी की। खुशदिल शाह और फहीम अशरफ ने अंतिम ओवर में 19 रन ठोक डाले और पाकिस्तान ने अपनी पारी 189/4 पर समाप्त की।

जवाब में 190 रनों का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज एलिक अथानाजे और जेरलानी एंड्रयू ने भी अपनी टीम को शानदार शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 44 रन जोड़े, इससे पहले कि हारिस राउफ ने 5वें ओवर में एंड्रयू को 24 रन पर आउट कर दिया। कप्तान शाई होप का बल्ले से रनों का सूखा जारी रहा और 9वें ओवर में मोहम्मद नवाज ने उन्हें सात रन पर आउट कर दिया।

अथानाजे ने 11वें ओवर में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक पूरा किया, उन्होंने अपने कुल स्कोर में 10 रन और जोड़े, इससे पहले कि अगले ओवर में अयूब ने उन्हें 60 रन पर आउट कर दिया। रोस्टन चेज ने 15 रन बनाए लेकिन वे रन नहीं बना पाए और 18 गेंदों में जीत के लिए 41 रन शेष रहते रिटायर हो गए। शेरफेन रदरफोर्ड ने 35 रनों पर महत्वपूर्ण अर्धशतक बनाया और अपनी टीम को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन घरेलू टीम अंततः लक्ष्य से 13 रन पीछे रह गई। फरहान को उनके शानदार अर्धशतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि नवाज को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया।

# यश ढुल ने डीपीएल 2025 का पहला शतक जड़ सेंट्रल दिल्ली किंग्स को दिलाई जीत



नई दिल्ली। दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल 2025) के दूसरे दिन का पहला मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 8 विकेट से मात दी। यह मैच 3 अगस्त को दिल्ली के ऐतिहासिक अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया। इस मुकाबले के हीरो रहे युवा बल्लेबाज यश धुल, जिन्होंने सीजन का पहला शतक जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाई। 175 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट्रल दिल्ली किंग्स की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। सलामी बल्लेबाज यश धुल ने विपक्षी गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते हुए महज 55 गेंदों पर शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में कुल 15 चौके-छक्के (8 चौके और 7 छक्के) जड़े। यश धुल ने 56 गेंदों में 101 रन बनाए और 180.36 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए विपक्षी टीम को कोई मौका नहीं दिया। उनकी इस विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने 17.3 ओवर में ही 177 रन बना लिए और 8 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। यश के अलावा युगल सैनी ने भी उपयोगी योगदान दिया और 24 गेंदों में 36 रन बनाए। वहीं कप्तान जोंटी सिद्धू 19 गेंदों पर 23 रन बनाकर नाबाद लौटे। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की ओर से दोनों विकेट कुलदीप यादव ने चटकाए, लेकिन बाकी गेंदबाज बिखरे नजर आए।

# दलीप ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन कर टेस्ट टीम में वापसी का प्रयास करेंगे श्रेयस

मुम्बई (एजेंसी)। इसी माह शुरु होने जा रही दलीप ट्रॉफी में अब श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे और सरफराज खान जैसे क्रिकेटर भी खेलते दिखेंगे। भारतीय टीम से बाहर चल रहे श्रेयस का प्रयास घरेलू क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन का टीम इंडिया में वापसी करना है। इसी को देखते हुए श्रेयस ने पश्चिम क्षेत्र की ओर से दलीप ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए अपने को उपलब्ध बताया है। दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से शुरू होगी। श्रेयस के अलावा मुंबई के मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान और ऑलराउंडर शिवम दुबे ने भी इसके लिए अपने को उपलब्धत बताया है। इन क्रिकेटरों ने मुंबई क्रिकेट संघ को अपने खेलने की जानकारी दे दी है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के एक अधिकारी ने कहा कि श्रेयस अय्यर ने हमें सूचित किया है कि वह दलीप ट्रॉफी में खेलने के लिए उपलब्ध है। वहीं सरफराज, शिवम दुबे और तुषार देशपांडे जैसे अन्य खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। अय्यर ने भारत के लिए 14 टेस्ट खेले हैं। उसमें उन्होंने 5अर्धशतक और एक शतक लगाया है। अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ फरवरी 2024 के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाल गेंद वाला क्रिकेट नहीं खेला है। उन्हें हालांकि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में जगह मिली थी। श्रेयस को घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारण पिछले सात टीम से बाहर कर दिया गया था हालांकि इस बार उन्हें केन्द्रीय अनुबंध भी मिल गय है। जिससे अब वह घरेलू क्रिकेट में और बेहतर प्रदर्शन कर टीम में वापसी करना चाहते हैं।



# रूट घरेलू धरती पर सबसे अधिक टेस्ट शतक लगाने वाले क्रिकेटर बने

ओवल। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट में शतक लगाने के साथ ही एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम किया है। रुट ने दूसरी पारी में 152 गेंदों में 12 चौकों की सहायता से 105 रन बनाये। यह रूट के टेस्ट करियर का 39वां शतक है। इसी के साथ ही रूट घरेलू धरती पर सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड में 24वां टेस्ट शतक लगाकर शीर्ष पर पहुंच गये। रूट ने इस शतक के साथ ही श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज महेला जयवर्धने, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और साउथ अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर जैक्स कैलिस का रिकार्ड तोड़ा। इन तीनों ने ही अपने धरती पर टेस्ट क्रिकेट में 23-23 शतक लगाये हैं। रूट ने इसके अलावा श्रीलंका के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार संगकारा को भी पीछे छोड़ा है। संगकारा इससे पहले टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले ले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर थे लेकर अब वह पांचवें स्थान पर फिसल गये हैं। संगकारा ने कुल 38 टेस्ट शतक लगाए थे। टेस्ट में सबसे अधिक शतक का रिकॉर्ड महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम 51 शतक का है। उसके बाद जैक कैलिस के नाम 45 और पोंटिंग के नाम 41 शतक हैं। रूट ने इसके अलावा भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ की बराबरी की है। रूट और स्मिथ ने भारत के सामने 16-16 शतक लगाये हैं। रूट ने भारत के खिलाफ 13 टेस्ट शतक लगाये हैं। वह एक टीम के खिलाफ सबसे अधिक टेस्ट शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अब तक केवल भारतय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के नाम ही ये रिकार्ड था। गावस्कर ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध 13 टेस्ट शतक जड़े थे।



# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरूष हॉकी टीम का ऐलान, युवा खिलाड़ियों को मौका



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरूष टीम का ऐलान किया है जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे। अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा। इसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नए खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे। मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे।

एशिया कप से पहले इस दौरे की अहमियत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'हमारा फोकस शारीरिक अनुकूलन बेहतर करने और तकनीकी पहलुओं पर रहेगा।' टीम में युवा खिलाड़ियों को चुने जाने के बारे में उन्होंने कहा, 'हमने कुछ युवाओं को दबाव में खेलने की उनकी क्षमता परखने और जरूरी एक्सपोजर देने के लिए चुना है।' भारतीय टीम 8 अगस्त को बेंगलुरू से ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी जहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर चल रहा है।

**टीम** – गोलकीपर : कृशन बी पाठक और सूरज करकेरा

डिफेंडर : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित , जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह , पूवन्ना सीबी

मिडफील्डर : राजिंदर सिंह, राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह

फॉरवर्ड : मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे

# राजगीर में एशिया रग्बी अंडर-20 सेवेन्स चैंपियनशिप नजर आयेंगी शीर्ष खिलाड़ी




पटना। बिहार के राजगीर स्टेडियम में आने वाले दिनों में एशिया के शीर्ष रग्बी खिलाड़ी खेलते हुए नजर आयेंगे। इन देशों की टीम लेगी। यहां इसी माह 9 और 10 अगस्त को होने वाली एशिया रग्बी अंडर-20 सेवेन्स चैंपियनशिप 2025 में 12 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें भारत के अलावा हांगकांग, चीन, यूएई, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, श्रीलंका, मलेशिया और नेपाल के रग्बी खिलाड़ी भाग लेंगे। इस आयोजन को लेकर रग्बी इंडिया के प्रेसिडेंट राहुल बोस ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रौत्सान के कारण ही बिहार में रग्बी जैसे खेल को भी विकसित होने का अवसर मिला है। 9 और 10 अगस्त को होने वाले इस अंतरराष?ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए 7 अगस्त से ही टीम राजगीर पहुंचने लगेंगी। साथ ही कहा कि राजगीर में आने वाले खिलाड़ियों का भव्य स्वागत होगा। वहीं 8 अगस्त को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रंगारंग उद्घाटन समारोह रखा गया है। इस टूर्नामेंट में एशिया के 32 रग्बी खेलने वाले देशों में से केवल शीर्ष 12 रैंकिंग वाली टीमें ही शामिल हो रही हैं। ऐसे में यहां बेहद रोमांचक खेल देखने को मिलेगा। यह आयोजन बिहार के लिए इसलिए भी विशेष है, क्योंकि रग्बी यहां 14 प्राथमिकता वाले खेलों में शामिल है। हाल ही में नेशनल गेम्स में बिहार की महिला टीम ने रजत पदक जीता था। रग्बी चैम्पियनशिप से राज्य के उभरते हुए खिलाड़ियों को भी प्रौत्साहन मिलेगा।

# ओली को कप्तानी के योग्य नहीं मानते वॉन , बोले हैरी को दें जिम्मेदारी

ओवल। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारत के खिलाफ जारी पांचवें क्रिकेट टेस्ट मैच में एक ऐसी मांग कर दी जिससे सभी हैरान हो गये। वॉन ने कहा कि ओली पोप टीम की कप्तानी करने के योग्य नहीं हैं, इसलिए उन्हें हटा दिया जाना चाहिये। नियमित कप्तान बेन स्टोक्स के चोटिल होने के कारण इस मैच में ओली इंग्लैंड टीम की कप्तानी कर रहे हैं। ओली वैसे तो पहले भी टेस्ट मैच में कप्तानी कर चुके हैं पर वॉन उन्हें इस भूमिका के काबिल नहीं मानते। इस पूर्व कप्तान वॉन के अनुसार ऑली की जगह प हैरी ब्रूक को कपतान बनाया जाना चाहिये। वॉन ने इंग्लैंड के लिए 51 टेस्ट में कप्तानी की है, जिसमें से वह 26 में जीते थे। वॉन के अनुसार हैरी अच्छे बल्लेबाज हैं। उन्होंने केवल 30 टेस्ट में 9 शतक लगाये हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के चौथे दिन शतक लगाकर अपनी टीम को बेहतर हालत में पहुंचाया। उनकी पारी की बदौलत ही इंग्लैंड टीम 6 विकेट पर 339 रन बना पायी। से महज 35 रन दूर है. वॉन ने कहा, 'हैरी ब्रूक, मुझे एक लीडर की तरह दिखते हैं।' इस क्रिकेटर को इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड का सीमित ओवरों के लिए कप्तान बनाया गया था। वहीं वॉन से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैं ओली को ऐसे व्यक्ति के रूप में देखता हूं जो शानदार उप-कप्तान हैं। वे कप्तान को सलाह देने के लिए एक शानदार व्यक्ति हैं। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि उप-कप्तान शानदार कप्तान नहीं होते। जैसे मार्कस ट्रेस्कोथिक मेरे लिए बेहतरीन उप-कप्तान थे पर वह कप्तानी नहीं कर पाये।'

# अमन कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में डेब्यू के लिए तैयार, सुजीत ने भी बनाई भारतीय टीम में जगह




नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत (57 किग्रा) को विश्व चैंपियनशिप के चयन ट्रायल में कोई खास चुनौती नहीं मिली तो वहीं सुजीत कलकल ने शानदार कौशल दिखाते हुए सोमवार को पुरुषों के 65 किलोग्राम फीस्टाइल वर्ग में राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। क्रोएशिया के जगरेब में अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप 2024 में पेरिस ओलंपिक में कांस्य जीतने के बाद सहरावत का विश्व स्तर का दूसरा टूर्नामेंट होगा। इस 22 साल के पहलवान ने जून में प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी करते हुए मंगोलिया रैंकिंग सीरीज में कांस्य पदक जीता था। वह हालांकि यहां ट्रायल में मंगोलिया की तुलना में कहीं बेहतर नजर आये। उन्होंने अपने पहले मुकाबले में सुमित के खिलाफ मात्र एक अंक गंवाने के बाद शुरुआती पीरियड में ही तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में राहुल को एकतरफा अंदाज में बिना कोई अंक गवायें तकनीकी श्रेष्ठता से मात दी। अमन ने कहा, ''मुझे लगता है कि मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आया हूं। मेरी फिटनेस अच्छी है और मेरी लय भी वापस आ गई है। मैं विश्व चैंपियनशिप के लिए तैयार हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैंने मंगोलिया रैंकिंग सीरीज में कुछ गलतियां की थी लेकिन वह एक साल बाद मेरी पहली प्रतियोगिता थी। मुझे लगता है कि मैंने इतना बुरा प्रदर्शन नहीं किया था, मैं एक समय 11-6 से आगे भी चल रहा था, लेकिन मैं उस हार (मंगोलिया में) को स्वीकार करता हूं।''

# इस जीत की तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती, राहुल ने इंग्लैंड पर जीत के बाद दिया पहला बयान

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ रोमांच की पराकाष्ठा पर पहुंचे पांचवें टेस्ट मैच में भारत की यादगार जीत के बाद टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में शामिल लोकेश राहुल ने सोमवार को इसे अपने अब तक के करियर की सबसे यादगार श्रृंखला करार दिया। इस मैच से पहले श्रृंखला में 2-1 से आगे इंग्लैंड को आखिरी दिन मैच और श्रृंखला जीतने के लिए 35 रन की जरूरत थी। भारत के सामने चार विकेट लेने की मुश्किल चुनौती थी। मोहम्मद सिराज की शानदार गेंदबाजी से भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 367 रन पर आउट कर छह रन की रोमांचक जीत दर्ज की।

इस श्रृंखला में सलामी बल्लेबाज के दौर पर 532 रन बनाने वाले राहुल ने कहा, 'यह जीत मेरे लिए सब कुछ है। मैं पिछले कई साल से क्रिकेट खेल रहा हूं। मैं चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रहा हूं। मैंने टीम को विश्व कप ट्रॉफी उठाते हुए देखा है लेकिन इस जीत की तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती है।' श्रृंखला के सभी मैच पांचवें दिन तक चले और क्रिकेट जगत ने इसे पांच मैचों की सबसे रोमांचक श्रृंखला में एक करार दिया। राहुल ने कहा, 'पिछले काफी समय से इस बात पर चर्चा हो रही है कि टेस्ट क्रिकेट का भविष्य क्या होगा लेकिन हमने जिस तरह से खेला है, उससे हमने उन सभी सवालों का जवाब दे दिया है।'

उन्होंने टीम के युवा खिलाड़ियों के जज्बे की तारीफ की। इस श्रृंखला से पहले हमें जीत का दावेदार नहीं माना जा रहा था लेकिन हमने हर मैच में संघर्ष किया और श्रृंखला को 2-2 से बराबर करने में सफल रहे। उन्होंने कहा, 'यह श्रृंखला भले ही ड्रॉ रही हो लेकिन हमने हर मैच में जज्बा दिखा। यह भारतीय टेस्ट क्रिकेट के लिए, यह सबसे ऊपर रहेगा और यहीं से बदलाव की शुरुआत होती है।'

राहुल ने कहा कि यह सिर्फ आगाज और यह टीम भविष्य में कई श्रृंखलाएं जीतेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद टीम श्रृंखला में जीत की दावेदार नहीं थी लेकिन उसने हर मैच में इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी। उन्होंने कहा, 'भारतीय टेस्ट टीम भविष्य में कई मैच और श्रृंखला जीतेगी। टीम में रोहित (शर्मा), विराट (कोहली) और रविचंद्रन (अश्विन) की गैरमौजूदगी के बारे में सोच कर मैं दो सप्ताह तक चिंतित था। मैं अचानक से अलग तरह की भूमिका में आ गया था। हर कोई मुझे से इंग्लैंड की परिस्थितियों के बारे में पूछ रहा था।'

उन्होंने गिल की कप्तानी की तारीफ करते हुए कहा, 'गिल ने शानदार तरीके से कप्तानी की। वह खिलाड़ियों से शानदार तरीके से घुलमिल गए। वह रणनीतिक तौर पर शानदार थे, उन्होंने गेंदबाजी में कुछ शानदार बदलाव किए जिससे हम विकेट लेने में सफल रहे। वह शानदार टेस्ट कप्तान बनेंगें।



# मधुमेह और वजन घटाने की दवाओं को बाजार में उतारने की मची होड़

**- सेमाग्लूटाइड के जेनेरिक संस्करण बाजार में लॉन्च की तैयारी**

**नई दिल्ली।**

मधुमेह और वजन घटाने की दवाओं की वैश्विक मांग बढ़ने के कारण, भारतीय फार्मा कंपनियां सेमाग्लूटाइड के जेनेरिक संस्करणों (जीएलपी-1) को बाजार में लाने की तैयारी है। सेमग्लूटाइड एक दवा है जो मधुमेह और मोटापे के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाती है। इस दवा का पेटेंट मार्च 2026 में खत्म हो जाएगा, जिसके बाद भारतीय कंपनियां इसके जेनेरिक संस्करण को बाजार में लाएंगी। भारत में अभी सेमाग्लूटाइड गोली और इंजेक्शन के रूप में उपलब्ध है जिसे डेनमार्क की कंपनी नोवो नॉर्डिस्क बनाती है।

दवा के जेनेरिक संस्करण का लॉन्च बेहद महत्वपूर्ण होगा क्योंकि भारतीय ग्राहकों के लिए कीमतें मौजूदा 17,000-26,000 रुपए मासिक से काफी कम होने की उम्मीद है जिससे ज्यादा मरीज इसका लाभ उठा पाएंगे। डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज, सिप्ला, सन फार्मा, मैनकाइंड फार्मा और अन्य कंपनियां लॉन्च करने की तैयारी में है। ये कंपनियां पेप्टाइड के उत्पादन को बढ़ा रही हैं और दूसरे इंतजाम के लिए साझेदारी कर रही हैं और नियामकीय रणनीतियों के अनुरूप ढलने की कोशिश में हैं ताकि तेजी से बढ़ते जीएलपी-1 बाजार में अपनी हिस्सेदारी बना सकें।

उम्मीद है कि दशक के अंत तक इस दवा का वैश्विक बाजार 150 अरब डॉलर से भी ज्यादा हो जाएगा। हैदराबाद की कंपनी डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज (डीआरएल) की योजना, 2026 से 87 देशों में सेमाग्लूटाइड को वैश्विक स्तर पर लॉन्च करने की है जिसके तहत पेटेंट खत्म होते ही भारत और ब्राजील में इसे पहले ही दिन लॉन्च किया जाएगा। कंपनी के सीईओ ने कहा है कि उनकी दवा की कीमत नोवो नॉर्डिस्क की दवा की प्रतिमाह 17,000 रुपए से कम होगी। कंपनी अगले दशक में चरणबद्ध लॉन्च के लिए 26 पेप्टाइड आधारित जीएलपी-1 दवाएं भी तैयार कर रही है जिसके लिए 2026 में पेप्टाइड और बायोसिमिलर उत्पादन बढ़ाने के लिए 2,700 करोड़ रुपए का पूंजीगत खर्च किया जाएगा।

सिप्ला आंतरिक स्तर पर साझेदारी के जरिये पहले चरण के लॉन्च का लक्ष्य रखा है। कंपनी के एमडी और वैश्विक सीईओ ने कहा कि पिछले पांच सालों में हमने जीएलपी-1 को थेरेपी के क्षेत्र में एक बड़े मौके के तौर पर देखा है।

# भारती एयरटेल की कुल आमदनी 49,615 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान

**-अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में शानदार प्रदर्शन की बैठक में होगी घोषणा**

**नई दिल्ली।**

देश की दूसरी सबसे बड़ी टेलिकॉम कंपनी भारती एयरटेल इस बार अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में शानदार प्रदर्शन कर सकती है। कंपनी के नतीजे मंगलवार अगस्त को घोषित किए जाएंगे। विश्लेषकों का मानना है कि इस तिमाही में कंपनी की आमदनी और मुनाफा दोनों में अच्छी बढ़त देखने को मिल सकती है। इसकी वजह भारत में मोबाइल ग्राहकों की संख्या में इजाफा और औसत प्रति यूजर आय में सुधार माना जा रहा है।

भारती एयरटेल ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि कंपनी के बोर्ड की बैठक 5 अगस्त को होनी है। इस बैठक में कंपनी अप्रैल-जून तिमाही के स्टैंडअलोन और कंसॉलिडेटेड वित्तीय नतीजों पर मुहर लगाएगी। ये तिमाही 30 जून 2025 को खत्म हो गई है। बाजार के चार प्रमुख ब्रोकरेज संस्थानों नुवामा, कोटक, प्रभुदास लीलाधर और जेएम फाइनेंशियल ने अपने अनुमान जारी किए हैं। सभी ने भरोसा जताया है कि एयरटेल का प्रदर्शन मजबूत रहेगा। नुवामा का मानना है कि एयरटेल की कुल आमदनी 49,615 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है, जो पिछली तिमाही 48,362 करोड़ थी यानी करीब 2.6 फीसदी की ग्रोथ। साल दर साल तुलना करें तो यह बढ़त 27.6 फीसदी मानी जा रही है। भारत के मोबाइल सर्विस बिजनेस में ग्राहकों की संख्या बढ़ने से करीब 3.4फीसदी ग्रोथ आ सकती है, हालांकि एआरपीयू में केवल मामूली बढ़त का अनुमान है।

# वारेन बफे के लगातार शेयर बेचने से निवेशक घबराए

**पिछली तिमाही में 26154 करोड़ के शेयर बेचे, बफेट के पास 30 लाख करोड़ की नगदी**

**नई दिल्ली।**

शेयर बाजार के शहंशाह वारेन बुफेट की कंपनी वर्कशायर हैथवे ने पिछली तिमाही में 26154 करोड रुपए के शेयर बेचे हैं।पिछले 3 साल की 11 तिमाही से वह लगातार शेयर बेचकर नगदी जमा कर रहे हैं। वर्तमान में कंपनी के पास 30 लाख करोड रुपए की रिकॉर्ड नगदी जमा हो चुकी है।

वारेन ने कोका कोला और बैंक ऑफ अमेरिका जैसी बड़ी कंपनियों के शेयर सबसे ज्यादा बेचे हैं। इनके शेयरों का मूल्य,बाजार मूल्य से ज्यादा है।वारेन और उनकी टीम को शेयर बाजार में निवेश करने के लिए कोई अच्छी कंपनियां नहीं मिल रही हैं। जिसके कारण उनका नगदी का भंडार बढ़ता चला जा रहा है।पिछली तिमाही में 6I9 अरब डॉलर के शेयर बेचे, और 3.9 बिलियन डॉलर के शेयर खरीदे हैं। पिछले साल वारेन की कंपनी ने एप्पल और बैंक ऑफ अमेरिका मैं अपनी हिस्सेदारी घटाई है। वारेन बुफेट को शेयर बाजार की अच्छी समझ है।उन्होंने जो भी कमाया है शेयर बाजार के माध्यम से कमाया है। शेयर बाजार की वह नस-नस से वाकिफ हैं। जिस तरह से वह शेयर बाजार में अपनी हिस्सेदारी कम कर रहे हैं। उससे निवेशकों के बीच में एक भय देखने को मिल रहा है। विभिन्न देशों के बीच में जिस तरह से सामरिक एवं व्यापारिक मतभेद देखने को मिल रहे हैं। जो बार-बार तृतीय विश्व युद्ध की ओर इशारा कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में शेयर बाजार के निवेशकों का भरोसा डगमगा रहा है।

# जेन स्ट्रीट की हेराफेरी ने भारत के डेरिवेटिव बाजार की खामियों को किया उजागर

**नई दिल्ली।**

देश के नियामकों ने एक हाई फ्रीक्वेंसी वाली ट्रेडिंग फर्म, जेन स्ट्रीट को बाजार में हेराफेरी करते पिछले दिनों पकड़ा था, लेकिन सच यह है कि इसने सालों की बढ़ोतरी के बाद भारत के डेरिवेटिव बाजार के मूल में मौजूद गहरी संरचनात्मक खामियों को उजागर कर दिया है। एक तो वायदा और विकल्प यानी एफऐंडओ कारोबार के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सूचकांक त्रुटिपूर्ण हैं। दूसरा नीति निर्माताओं का यह दावा पूरी तरह सही नहीं है कि डेरिवेटिव बाजार कुशल मूल्य निर्धारण को सक्षम बनाता है, बाजार में नकदी की स्थिति में सुधार करता है और निवेशकों को जोखिम प्रबंधन की अनुमति देता है। इंडेक्स डेरिवेटिव्स में विशाल मात्रा केवल दो सूचकांकों तक सीमित है। निफ्टी 50 और बैंक निफ्टी और कुछ हद तक फिननिफ्टी। सूचकांक निर्माण को अक्सर एक अजीबो-गरीब अभ्यास माना जाता है। इसमें भार, नकदी, मुक्त प्रवाह, क्षेत्रवार प्रतिनिधित्व जैसे कार्यप्रणाली संबंधी मुद्दों पर बहस होती है और फिर सूचकांकों में शेयरों को जोड़ने और हटाने के लिए समय-समय पर इन सबकी समीक्षा होती है। ऐसे तकनीकी निर्णय ट्रेडिंग और सट्टेबाजी के लिए गौण लग सकते हैं, लेकिन इनके गहरे निहितार्थ होते हैं। इंडेक्स एफऐंडओ बाजार पर करीब काबिज दो सूचकांकों में से, बैंक निफ्टी और भी ज्यादा विषम है। इसके दो घटक यानी एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक इसके भार का आश्चर्यजनक रूप से 53 फीसदी हिस्सा रखते हैं। सूचकांक के शीर्ष पांच शेयरों का कुल भार 82 फीसदी है। यदि यह सूचकांक एक ऐसा उत्पाद होता जो केवल बैंकिंग शेयरों की दिशा का संकेत देता, तो यह हानिरहित होता। लेकिन यदि कोई म्युचुअल फंड बैंकिंग क्षेत्र का फंड प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह बैंक निफ्टी को मानक सूचकांक के रूप में इस्तेमाल करेगा। समस्या यहीं से शुरु होती है। सेबी चाहता है कि निवेश प्रबंधक मानक सूचकांक को गंभीरता से लें, लेकिन एक ऐसा सूचकांक कितना सार्थक हो सकता है जहां 53 फीसदी भार दो शेयरों में है? यदि एक बैंकिंग क्षेत्र के फंड ने 25-30 शेयरों में निवेश किया है, जिसमें से 10 फीसदी एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को आवंटित हैं, तो ऐसे फंड के लिए मानक सूचकांक कितना सार्थक होगा?

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 11 पैसे की बढ़त के साथ ही 87.65 पर बंद हुआ। आज सुबह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा से भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बढ़कर 87.22 पर खुला। डॉलर सूचकांक में गिरावट और एशियाई मुद्राओं में तेजी के कारण भी भारतीय रुपया बढ़त के साथ खुला। स्थानीय मुद्रा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.22 पर खुली, जो शुक्रवार के 87.54 के बंद भाव से 32 पैसे ज्यादा है। डॉलर सूचकांक 100 के करीब पहुंच गया, जिससे रुपया 100 पैसे नीचे आकर अगस्त के पहले दिन 87.52 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं पिछले सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारतीय शेयरों की लगातार बिकवाली और तेल की कीमतों में तेजी से रुपए में लगातार चौथे हफ्ते गिरावट आई थी। इस दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 47,666 करोड़ रुपए की बिक्री की। कारोबारियों को आज रुपये के87.00 से 87.50 के बीच और इस सप्ताह 87.00 से 87.80 के बीच कारोबार की उम्मीद है।

# ऑटो पीएलआई योजना में 84 में से 16 कंपनियों ने किए मानदंड पूरे

**-16 कंपनियों को कुल 107 मॉडलों व कलपुर्जों के लिए मिली मंजूरी**

**नई दिल्ली।** सरकार ने करीब दो साल पहले वाहन एवं वाहन कलपुर्जा उद्योग के लिए 25,938 करोड़ रुपए की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना लागू की थी, लेकिन इसके लिए पात्र 84 आवेदकों में से महज 16 कंपनियां ही अपने मॉडलों के लिए स्थानीय मूल्यवर्धन संबंधी मानदंडों को पूरा कर पाई हैं जो प्रोत्साहन पात्रता के लिए जरुरी है। इन 16 कंपनियों को कुल 107 मॉडलों व कलपुर्जों के लिए मंजूरी मिल गई है। इन कंपनियों ने 31 जुलाई तक के आंकड़ों के आधार पर प्रोत्साहन हासिल करने के लिए पात्रता के स्थानीय मूल्यवर्धन संबंधी मानदंडों को पूरा कर लिया है। भारत में मोटर बनाने के लिए जरुरी दुर्लभ खनिजों के आयात पर चीन के प्रतिबंधों के कारण 50 फीसदी स्थानीयकरण के लक्ष्य तक पहुंचना वाहन विनिर्माताओं के लिए कठिन हो सकता है। यही कारण है कि वाहन उद्योग स्थानीयकरण की गणना में मोटरों को शामिल न करने के लिए सरकार से अनुरोध कर रहा है। शुरू में इस योजना को 1 अप्रैल 2022 से मार्च 2027 तक लागू किया गया था, लेकिन बाद में उसे एक साल बढ़ाकर 2028 कर दिया गया। एक वाहन विनिर्माता के पहले मॉडल को 50 फीसदी स्थानीय मूल्यवर्धन को पूरा करने पर पीएलआई योजना के तहत प्रोत्साहन के लिए 17 अगस्त 2023 को मंजूरी दी गई थी। स्थानीय मूल्यवर्धन मानदंडों को पूरा करने वाले मॉडल रखने वाली कंपनियों के रिकॉर्ड से एक अलग तस्वीर सामने आती है। प्रमुख ओईएम और वाहन क्षेत्र के नए निवेशकों के बीच 20 कंपनियों में से महज 7 कंपनियों के पास ही ऐसे मॉडल हैं जिनके लिए आवेदन किया गया और स्थानीय मूल्यवर्धन की मंजूरी मिली है। इनमें से 15 कंपनियों के इलेक्ट्रिक वाहन सड़क पर मौजूद हैं। चार ऐसी कंपनियां हैं जिनके पास एक भी ईवी मॉडल नहीं है। ध्यान देने की बात यह भी है कि ओईएम चैंपियन श्रेणी में ऐसी कोई भी बहुराष्ट्रीय कंपनी नहीं है जिसे स्थानीय मूल्यवर्धन मानदंडों को पूरा करने की मंजूरी मिली हो। इनमें सुजूकी, ह्युंडै, किया और पीसीए ऑटोमोबाइल्स समेत सभी घरेलू कंपनियां हैं। वाहन कलपुर्जा के मामले में यह आंकड़ा काफी कमजोर है, जहां 64 पात्र कंपनियों में से महज 9 कंपनियों को ही पीएलआई प्रोत्साहन के लिए मंजूरी मिल पाई है लेकिन करीब 3 कंपनियों को ट्रैक्शन मोटर्स या हब मोटर्स के साथ एकीकृत व्हील रिम बनाने की मंजूरी मिल गई है। चीन में दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर पाबंदियों के कारण उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं।



## दिलीप बिल्डकॉन के शेयरों में 4.4 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी... विश्लेषकों ने दी सेल की सलाह

**मुंबई।** गुरुग्राम मेट्रो रेल प्रोजेक्ट मिलने और पहली तिमाही के शानदार नतीजों के बाद 4 अगस्त, दिलीप बिल्डकॉन के शेयरों में 4.4 प्रतिशत के उछ्ल के साथ 478 के उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह प्रोजेक्ट आरबीएल बैंक के साथ साझेदारी में 1,503.6 करोड़ का है। इसके तहत कंपनी मिलेनियम सिटी सेंटर से सेक्टर 9 और द्वारका एक्सप्रेसवे (1.85 किमी) तक एक वायडक्ट (उठा हुआ मार्ग) और 14 ऊंचे स्टेशन तैयार करेगी। इसमें सेक्टर 33 में डिपो तक का रैंप और भक्तावर चौक पर एक अंडरपास का निर्माण होना है। इस पूरे प्रोजेक्ट को 30 महीने में पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। 29 जुलाई को घोषित पहली तिमाही के नतीजों के अनुसार, कंपनी का शुद्ध लाभ बीते साल की तुलना में 94 प्रतिशत बढ़कर 271 करोड़ हो गया। यह बढ़ोतरी मार्जिन में सुधार और 170 करोड़ के एक्सेप्शनल गेन के कारण हुई। हालांकि, कुल आय में 16 प्रतिशत की गिरावट आई, जो ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) ऑर्डरों में कमी को दिखाती है। दिलीप बिल्डकॉन के सीईओ देवेंद्र जैन ने बताया कि ईपीसी सेगमेंट में चुनौतियां होने के बावजूद, कोयला खनन और एचएएम (हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल) सड़क परियोजनाओं से सहायता मिल रही है। उन्होंने भविष्य में पर्याप्त नए ऑर्डर मिलने की उम्मीद जाहिर की। कंपनी ने अपनी ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए 1,000 करोड़ तक के एनसीडी (नॉन-कंवर्टिबल डिबेंचर) और कमर्शियल पेपर्स जारी करने को भी मंजूरी दी है। विश्लेषकों के अनुसार, दिलीप बिल्डकॉन के शेयर का औसत टारगेट मूल्य 453 है, जो मौजूदा कीमत से लगभग 1 प्रतिशत कम है। छह विश्लेषकों ने इस शेयर के लिए सेल की सलाह दी है। पिछले एक महीने में शेयर में 11 प्रतिशत की गिरावट आई है, लेकिन पिछले दो साल में कंपनी के शेयर ने 43 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। कंपनी की मौजूदा बाजार कीमत करीब 6,696 करोड़ है।

## वीआई दे रहा जियो से 50 रुपए सस्ता प्लान, 30जीबी एक्सट्रा डेटा भी

**नई दिल्ली।**

जियो के प्लान दूसरी कंपनियों से बेनिफिट के मामले में बेहतर हैं, लेकिन कुछ मामलों में दूसरी कंपनियां अपने प्लान्स से जियो को टक्कर दे रही हैं। वोडाफोन-आइडिया (वीआई) का 1749 रुपए वाला प्लान इन्हीं में से एक है। वैलिडिटी के मामले में यह जियो के 1799 रुपए वाले प्लान से आगे है। जियो से 50 रुपए सस्ते प्लान में वोडाफोन-आइडिया अपने यूजर्स को 30जीबी एक्सट्रा डेटा दे रहा है। जियो इसमें यूजर्स को नेटफ्लिक्स का ऐक्सेस मिलेगा, जो वोडाफोन-आइडिया में नहीं मिलता। जियो का यह प्लान 84 दिन की वैलिडिटी के साथ आता है। इस प्लान में आपको रोज 3जीबी डेटा मिलेगा। एलिजिबल यूजर्स को कंपनी अनलिमिटेड 5जी डेटा भी दे रही है। प्लान डेली 100 फ्री एसएमएस और देशभर में सभी नेटवर्क के लिए अनलिमिटेड कॉलिंग देता है। जियो यूजर्स को इस प्लान के साथ नेटफ्लिक्स बेसिक का फ्री ऐक्सेस मिलेगा। साथ ही जियो हॉटस्टार और जियो टीवी भी ऑफर करता है। प्लान में कंपनी जियो एआई क्लाउड पर 50जीबी स्टोरेज भी दे रही है। वोडाफोन-आइडिया का यह प्लान 180 दिन की वैलिडिटी के साथ है। इसमें कंपनी हर दिन 1.5जीबी डेटा देती है। प्लान में बिना किसी अडिशनल चार्ज 45 दिन के लिए 30जीबी एक्ट्रा डेटा भी दिया जा रहा है। कंपनी के 5जी नेटवर्क कवरेज वाले एरिया में रहने वाले यूजर्स को अनलिमिटेड 5जी डेटा भी मिलेगा। यह प्लान रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक अनलिमिटेड डेटा भी ऑफर करता है। साथ ही इसमें वीकेंड डेटा रोलओवर और डेटा डिलाइट्स भी दिया जा रहा है। प्लान में अनलिमिटेड कॉलिंग और हर दिन 100 फ्री एसएमएस मिलते हैं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 418 , निफ्टी 157 अंक ऊपर आया**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही आई टी , वाहन और धातु शेयरों में उछाल के कारण आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 418 अंकों के उछाल के साथ 81,018.72 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 157.40 बढ़कर 24,722.75 पर पहुंच गया। आज कारोबार के दौरान टाटा स्टील के शेयर में 4 फीसदी की बढ़त आई। वहीं अन्य धातु और वाहन क्षेत्र में अच्छी तेजी दर्ज की गयी। बाजार में उछाल का कारण दूनिया भर के बाजारों में आई बढत और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई ) की खरीदारी से आई है।

बाजार में सबसे अधिक लाभ वाले शेयरों मे टाटा स्टील के शेयरों में 4.31 फीसदी की बढ़त आई. इसके बाद भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों में 3.55 फीसदी , अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन में 3.24 फीसदी , टेक महिंद्रा में 2.53 फीसदी , और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयरों में 2.39 फीसदी तक की बढ़त रही।वहीं पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन के शेयर सबसे अधिक 1.01 फीसदी तक गिरे। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक के शेयरों में 0.99 फीसदी , आईसीआईसीआई बैंक में 0.60 फीसदी , हिंदुस्तान यूनिलीवर में 0.25 प्रतिशतफीसदी , और आईटीसी के शेयर में 0.04 फीसदी की गिरावट रही।

बाजार जानकारों के अनुसार धातु ओर वाहन क्षेत्र के शेयरों में आये उछाल के साथ ही अमेरिकी डॉलर की कमजोरी, के साथ ही कंपनियों के तिमाही परिणामों में सुधार से भी बाजार को बल मिला और वह ऊपर आया।

इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। सेंसेक्स 192 अंक करीब 0.25 फीसदी बढ़त के साथ ही 80,804 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 82 अंक तकरीबन 0.34 फीसदी बढ़कर 24,648 पर खुला। आज वाहन क्षेत्र के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। शुरुआती कारोबार में ही निफ्टी ऑटो इंडेक्स 1.29 फीसदी उछल गया। इसके अलावा पीएसयू बैंक, मेटल, रियल्टी, मीडिया, रियल्टी, इन्फ्रा और कमोडिटीज शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये हैं। आईटी, दवा, उर्जा और निजी बैंक शेयर गिरावट के साथ ही नीचे आये। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में सपाट कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 4 अंक की हल्की गिरावट के साथ ही 56,635 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 16 अंक नीचे आकर 17,652 पर था।

वहीं अमेरिका में टैरिफ और रोजगार रिपोर्ट के ताजा डेटा के कारण शुक्रवार को बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। इस दौरान अमेरिकी शेयर बाजारों में जमकर गिरावट रही। डाउ जोन्स 1.23 फीसदी, एसएंडपी 1.60 फीसदी और नैस्डैक कंपोजिट 2.24 फीसदी गिरा। इससे अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अगले महीने ब्याज दरों को घटाने की संभावनाएं बढ़ीं हैं। वहीं एशियाई बाजारों में मिश्रित रुख रहाहे। चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.23 फीसदी, हांगकांग के हैंग सेंग इंडेक्स में 0.50 फीसदी की बढ़त रही जबकि दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 0.77 फीसदी की बढ़त आई। जापान के निक्केई 225 में सुबह के समय 1.63 फीसदी की गिरावट रही।दूसरी ओर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने लगातार बिकवाली का सिलसिला जारी रखा और 3,366 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,186 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

## अनिल अंबानी पर ईडी का दोहरा वार, दर्जन भर बैंकों को भी भेजे पत्र से बढ़ीं मुश्किलें

**-मंगलवार को ईडी के समक्ष होना है पेश**

**मुंबई।** देश के सबसे चर्चित उद्योगपतियों में शुमार अनिल अंबानी इस बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निशाने पर हैं। जांच एजेंसी ने उन्हें 5 अगस्त को पूछताछ के लिए समन जारी किया है, साथ ही उन 12 से 13 बैंकों को भी पत्र भेजे हैं जिन्होंने उनकी कंपनियों को ऋण दिए थे। इस तरह से अब ये जांच मनी लॉन्ड्रिंग और बैंक फ्रॉड के नए दायरे में प्रवेश कर गई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार, उद्रयोगपती अनिल अंबानी मामले में ईडी ने भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक सहित प्रमुख सार्वजनिक व निजी बैंकों को पत्र लिखकर उनसे रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस, रिलायंस कम्युनिकेशंस और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस को दिए गए लोन की विवरणात्मक जानकारी मांगी है। ईडी के अधिकारियों का कहना है कि ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया, चूक की समय-सीमा और वसूली की स्थिति जैसे बिंदुओं पर फोकस किया जा रहा है। संभव है कि बैंक अधिकारियों को भी पूछताछ के लिए तलब किया जाए, जिनकी निगरानी में ये लोन स्वीकृत हुए थे और जो बाद में एनपीए में तब्दील हो गए।

**3,000 करोड़ की लोन हेराफेरी की जांच**

ईडी की यह जांच साल 2017 से 2019 के बीच के उस कथित मामले से जुड़ी है, जिसमें यस बैंक द्वारा अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह की कंपनियों को दिए गए करीब 3,000 करोड़ रुपये के लोन की गंभीर अनियमितताएं सामने आई थीं। रिपोर्ट के अनुसार, इन ऋणों के जारी होने से ठीक पहले कुछ प्रवर्तकों को फंड ट्रांसफर भी किए गए थे, जिससे यह संदेह गहराया कि यह प्रणालिबद्ध लेन-देन योजना हो सकती है।

# चीनी कंपनियों के साथ कोई साझेदारी नहीं, अदाणी समूह ने ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट को बकवास बताया





**अहमदाबाद।**

देश के दिग्गज कारोबारी समूह अदाणी ने ब्लूमबर्ग की उस रिपोर्ट को निराधार और भ्रामक बातकर पूरी तरह से खारिज किया है, जिसमें समूह के चीनी कंपनियों बीवॉयडी और बीजिंग वेलियन न्यू एनर्जी टेक्नोलॉजी के साथ संभावित गठजोड़ का दावा किया गया था।

कंपनी की ओर से जारी बयान में, अदाणी समूह के प्रवक्ता ने कहा कि वे 4 अगस्त 2025 की ब्लूमबर्ग रिपोर्ट का खंडन करते हैं, इससे भारत में बैटरी निर्माण और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए बीवॉयडी के साथ सहयोग की संभावना तलाशने की बात कही गई थी। अडानी समूह के प्रवक्ता ने कहा, यह रिपोर्ट निराधार, गलत और भ्रामक है। अदानी समूह भारत में बैटरी निर्माण के लिए बीवॉयडी के साथ किसी भी प्रकार के सहयोग की संभावना नहीं तलाश रहा है। इसके अतिरिक्त, अडानी समूह ने दो टूक कहा कि वे बीजिंग वेलियन न्यू एनर्जी टेक्नोलॉजी के साथ किसी भी प्रकार की साझेदारी के लिए कोई बातचीत नहीं कर रहे हैं।

समूह का यह खंडन तब आया है, जब अदानी समूह अगले पांच वर्षों में करीब 100 अरब डॉलर के पूंजीगत व्यय निवेश की तैयारी कर रहा है। अदानी समूह थर्मल और रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन, ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन, एलएनजी, एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी, बैटरी स्टोरेज, हाइड्रोजन ट्रक, ईवी चार्जिंग स्टेशन, पंप हाइड्रो और खनन सहित कई अन्य क्षेत्रों में कारोबार करता है। यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा और सबसे कुशल सीमेंट निर्माता होने के साथ-साथ एयरोस्पेस और डिफेंस, डेटा सेंटर और रियल एस्टेट सेक्टर में भी मौजूद है।

## बीएसएनएल ने 30 दिन तक वैलीडिटी वाले रिचार्ज प्लान्स की वैधता घटाई




**नई दिल्ली।** सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने अपने बजट फ्रेंडली रिचार्ज प्लान्स की वैधता घटा दी है। पहले जहां बीएसएनएल के 147 रुपए वाले प्लान में 30 दिन तक अनलिमिटेड कॉलिंग, नेशनल रोमिंग और 10जीबी डेटा मिलता था, अब इसकी वैधता घटाकर 25 दिन कर दी है। इस तरह की वैधता में कमी कंपनी की दूसरी सस्ती योजनाओं जैसे 99 रुपए और 197 रुपए वाले प्लान्स में भी देखी जा रही है। बीएसएनएल के इस फैसले को टेलीकॉम इंडस्ट्री में बढ़ते प्रतिस्पर्धा और कमाई बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। निजी कंपनियां भी अपनी योजनाओं की वैधता कम करके ग्राहकों को बार-बार रिचार्ज कराने पर मजबूर कर रही हैं, और अब बीएसएनएल भी इस रास्ते पर है। वहीं दूसरी ओर, एयरटेल ने कॉलिंग और एसएमएस के लिए लंबी अवधि वाले प्लान पेश किए हैं, जो बिना डेटा के भी उपभोक्ताओं को ज्यादा दिन तक सेवा प्रदान करते हैं। एयरटेल का 469 रुपए का 84 दिन वाला प्लान और 1849 रुपए का सालभर वाला प्लान ग्राहकों को निरंतर संपर्क बनाए रखने का विकल्प देता है।



## 'कांतारा 2' की रिलीज से पहले ऋषभ की आगामी फिल्म का एलान, योद्धा की भूमिका में दिखेंगे अभिनेता

अश्विन गंगाराजू के निर्देशन में बन रही आगामी ऐतिहासिक-एक्शन ड्रामा फिल्म में ऋषभ शेट्टी शानदार किरदार में नजर आने वाले हैं। इसकी घोषणा खुद मेकर्स ने आज 30 जुलाई को फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए किया है। इस पोस्टर ने दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर एक अलग रोमांच पैदा कर दिया है।

फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर ऋषभ शेट्टी की आगामी फिल्म का एक पोस्टर रिलीज किया है, जिसके टाइटल की घोषणा अभी नहीं की है। इसमें देखा जा सकता है कि एक योद्धा चेहरे पर कपड़ा बांधे और पीठ पर दो तलवारें लिए हुए दिखाई दे रहा। साथ ही हजारों संख्या में सैनिक रणभूमि में युद्ध करने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा उन सैनिकों का सामना करने के लिए एक तोप और कई बंदूकें दिखाई दे रही हैं। पोस्ट के कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'सभी विद्रोही युद्ध में नहीं गढ़े जाते। कुछ को भाग्य द्वारा चुना जाता है और यह एक विद्रोही की कहानी है।' इसके आगे मेकर्स ने लिखा उन्हें यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि इस प्रोडक्शन की 36वीं फिल्म का हिस्सा शानदार अभिनेता ऋषभ शेट्टी होंगे।

### दो भाषाओं में शूट होगी फिल्म

ऋषभ शेट्टी अभिनीत इस आगामी फिल्म का निर्माण सितारा एंटरटेनमेंट बैनर के तले किया जाएगा। इसके साथ ही फिल्म को तेलुगु और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जाएगा और मेकर्स इसे तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम सहित कई भाषाओं में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। अश्विन गंगाराजू द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी 18वीं सदी के बंगाल की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी।

### ऋषभ शेट्टी का वर्कफ्रंट

ऋषभ शेट्टी की फिल्मों की बात करें, तो अभिनेता इस समय अपनी आगामी फिल्म कांतारा चैप्टर 1 की तैयारियों में व्यस्त हैं, जो जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 2 अक्टूबर 2025 को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन खुद ऋषभ शेट्टी ने ही किया है। वहीं इस फिल्म का निर्माण विजय किरागांदुर द्वारा किया जा रहा है और इसे होमबेल फिल्म्स का सहयोग प्राप्त है।

# फिजियोथेरेपिस्ट से एक्ट्रेस बनीं हैं आकांक्षा सिंह



फिल्मों और टीवी की चकाचौंध से भरी दुनिया में नाम कमाना आसान नहीं होता है। अगर कोई इंसान एक नहीं, बल्कि दो अलग-अलग क्षेत्रों में कामयाबी पाए, तो वह वाकई खास होता है। अभिनेत्री आकांक्षा सिंह ऐसी ही एक मिसाल हैं। आज वह एक जानी-मानी अभिनेत्री हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि अभिनय में सफलता पाने से पहले आकांक्षा एक प्रशिक्षित फिजियोथेरेपिस्ट रही हैं। उनकी मां खुद एक थिएटर कलाकार थीं, जिससे घर का माहौल कला से जुड़ा था। यही वजह रही कि आकांक्षा को बचपन से ही मंच और अभिनय से लगाव हो गया। उन्होंने पहले पढ़ाई पर ध्यान दिया और फिजियोथेरेपी में डिग्री हासिल की। इस पढ़ाई के दौरान उन्होंने शरीर, इलाज और देखभाल के बारे में गहराई से सीखा। इस दौरान उन्होंने थिएटर करना जारी रखा। साल 2012 में उन्हें टीवी शो ना बोले तुम ना मैंने कुछ कहा का ऑफर मिला और इस शो के जरिए उन्होंने छोटे पर्दे की दुनिया में कदम रखा। आकांक्षा ने इस शो में दो बच्चों की मां और विधवा मेघा व्यास भटनागर का किरदार निभाया, जो भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने इस भूमिका को इतनी सादगी और गहराई से निभाया कि दर्शक उनके कायल हो गए। इस किरदार के लिए उन्हें इंडियन टेली अवार्ड्स भी मिला।

टीवी पर सफल शुरुआत के बाद, वह 2015 में होटल इंडस्ट्री पर आधारित शो गुलमोहर ग्रैंड में अनाहिता मेहता फर्नांडीज के रोल में दिखीं। इसके बाद, 2016 में बॉक्स क्रिकेट लीग में एक प्रतियोगी के रूप में शामिल हुईं और 2017 में ऐ जिंदगी के एक एपिसोड में वकील की भूमिका निभाई। आकांक्षा ने फिल्मों में भी अपनी किस्मत आजमाई। 2017 में उन्होंने हिंदी फिल्म बद्रीनाथ की दुल्हनिया से फिल्मी करियर की शुरुआत की, जिसमें वह किरण कक्कड़ के छोटे लेकिन असरदार रोल में नजर आईं। उसी साल तेलुगु फिल्म मल्ली रावा से उन्होंने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई और उनके अभिनय को खूब सराहा गया। साल 2018 में उन्होंने नागार्जुन के साथ तेलुगु फिल्म देवदास में काम किया, जो दर्शकों को काफी पसंद आई। उसी साल वह दो शॉर्ट फिल्मों मेथी के लड्डू और कैद में भी नजर आईं। 2019 में उन्होंने कन्नड़ फिल्म पैलवान में सुदीप के साथ अभिनय किया, जो कई भाषाओं में रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की। ओटीटी पर भी आकांक्षा ने खुद को साबित किया। उन्होंने 2021 में डिज्नी प्लस हॉटस्टार की वेब सीरीज परंपरा से ओटीटी डेब्यू किया और फिर 2022 में एस्केप लाइव में एक पुलिस अफसर की भूमिका निभाई। उसी साल उन्होंने रंगबाज- डर की राजनीति और तेलुगु एंथोलॉजी मीट क्यूट में भी दमदार उपस्थिति दर्ज की। 2022 की ही फिल्म रनवे 34 में उन्होंने अजय देवगन की पत्नी समायरा खन्ना का किरदार निभाया, जो उनकी दूसरी बड़ी हिंदी फिल्म थी। आकांक्षा ने तमिल और तेलुगु की द्विभाषी फिल्म क्लैप, तमिल फिल्म वीरपांडियापुरम, और तेलुगु फिल्म सिवुडु में भी अभिनय किया। 2024 और 2025 में वह रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड, बेंच लाइफ, षष्ठीपूर्ति, और खाकी- बंगाल चैप्टर जैसी प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनीं। फिजियोथेरेपिस्ट से अभिनेत्री बनी आकांक्षा सिंह हिंदी, तेलुगु, तमिल, और कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में एक भरोसेमंद चेहरा बन चुकी हैं।



## अब कभी एक्टिंग नहीं करेंगे कायोज ईरानी

अभिनेता कायोज ईरानी फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर में अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। अब उन्होंने सरजमीं से फिल्म निर्देशन में डेब्यू किया है। उन्होंने इस बात को माना है कि वह एक्टिंग के लिए नहीं बने हैं। बॉलीवुड में एक्टिंग करने के बाद कायोज ने फिल्म बनाने की तरफ अपना रुख किया। उन्होंने 2021 में वेब सीरीज अजीब दास्तान का निर्देशन किया।

### कायोज ने फिल्म निर्देशन में डेब्यू किया

कायोज ने कार्तिक आर्यन की फिल्म धमाका में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया। फिल्म बनाने का अनुभव लेने के बाद कायोज ने फैसला किया कि वह अपने अनुभव का इस्तेमाल फिल्म सरजमीं में करेंगे। इसके बाद उन्होंने इस फिल्म से निर्देशन में कदम रखा। उन्होंने बताया काजोल और पृथ्वीराज ने मुझे कभी यह नहीं लगने दिया कि मैं नया निर्देशक हूं। जब भी वो सेट पर रहे उन्होंने हमें बहुत इज्जत दी। उन्होंने मुझे सुना और यह एहसास दिलाया कि मैं उनका हिस्सा हूं।

### एक्टिंग नहीं करेंगे कायोज

कायोज ने यह माना कि उनका एक्टिंग की तरफ लौटने का कोई विचार नहीं है। उन्होंने कहा कि वह कैमरे के पीछे सहज महसूस करते हैं। एक्टिंग उनके लिए नहीं है। उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि आप हमें दोबारा एक्टिंग करते हुए देख पाएंगे क्योंकि मैं फिल्म बना रहा हूं। मैं हमेशा से यही करना चाहता था। मैं कैमरे के पीछे सहज हूं। यही मेरा मकसद था। आपको निराश करने के लिए मैं शर्मिंदा हूं। मुझे नहीं लगता कि एक्टिंग मेरे लिए है। करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर में अदाकारी करने के अलावा कायोज ने यंगिस्तान और द लीजेंड ऑफ मिशेल मिश्रा में भी अदाकारी की।

### फिल्म सरजमीं के बारे में

फिल्म सरजमीं में काजोल, पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान अहम किरदार में हैं। इसके निर्माता करण जौहर, हीरू जौहर, अपूर्व मेहता और अदार पूनावाला हैं। फिल्म धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले रिलीज हुई है। फिल्म में काजोल, पृथ्वीराज और इब्राहिम की आदाकारी की काफी तारीफ हुई है।

## चुनौतीपूर्ण है 'तुम से तुम तक' में मीरा का किरदार

टीवी एक्ट्रेस डॉली चावला ने अपने नए धारावाहिक 'तुम से तुम तक' में निभाए जा रहे किरदार मीरा के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि यह किरदार उनके वास्तविक जीवन से बिल्कुल अलग है, जिसके कारण इसे निभाना चुनौतीपूर्ण है। डॉली ने बताया, मैं मीरा का किरदार निभा रही हूं, जो आर्या (शरद केलकर) के ऑफिस, खाने और दवाइयों सहित हर चीज का ध्यान रखती है। उसे यह पसंद नहीं कि कोई और आर्या के करीब आए या उसे महत्व दे। अब जब ऑफिस में अनु (निहारिका चौकसे) आई, तो मीरा को जलन हो रही है। वह अपने बॉस के अलावा किसी की नहीं सुनती। उन्होंने कहा, लोगों ने मेरे पिछले हर काम को पसंद किया है और मुझे उम्मीद है कि वे मीरा को भी उतना ही प्यार देंगे, भले ही वे उसके नकारात्मक किरदार को नापसंद करें। हर किरदार चुनौतीपूर्ण होना चाहिए, तभी उसे निभाने में मजा आता है। मीरा मेरे असल व्यक्तित्व से बहुत अलग है और यही इसे रोमांचक बनाता है। इस किरदार को अपनाने में समय लगा, लेकिन मैं इसे लेकर उत्साहित हूं।

डॉली ने शो को हां कहने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा, जब प्रोडक्शन हाउस से कॉल आया, तो मैं बहुत उत्साहित थी। यह प्रोडक्शन हाउस मेरे लिए परिवार जैसा है। जब उन्होंने मुझे मीरा के किरदार के बारे में बताया, तो मैं खुश हो गई। यह शो सात भाषाओं में पहले से मौजूद है, इसलिए प्रदर्शन का दबाव है, लेकिन हिंदी में इसे बनाना शानदार है। 'तुम से तुम तक', आर्या और अनु के बीच उम्र के अंतर वाले प्रेम की कहानी है। प्रतीक शर्मा और पार्थ शाह के प्रोडक्शन हाउस स्टूडियो एलएसडी के बैनर तले बने इस धारावाहिक में शरद केलकर और निहारिका चौकसे मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह शो रोजाना जी टीवी पर प्रसारित होता है।



## सैयारा का टाइटल ट्रैक बनाते समय डिप्रेशन में था

अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' के गाने, खासकर टाइटल ट्रैक कई म्यूजिक चार्ट में छाया हुआ है। टाइटल ट्रैक को बनाने वाले म्यूजिक कंपोजर तनिष्क बागची ने इस गाने को बनाने के पीछे की कहानी बताई है। इंटरव्यू में उन्होंने 'सैयारा' के गाने को प्रोडक्ट ऑफ पेन बताया है। तनिष्क से जब इंटरव्यू में पूछा जाता है कि क्या सबसे अच्छा गाना या म्यूजिक दर्द में बाहर आता है? जवाब में वो इस पर हामी भरते हैं। फिर तनिष्क बताते हैं- 'आप यकीन नहीं करोगे, जब सैयारा बन रहा था, तब मैं बहुत ज्यादा डिप्रेशन में था। मैं रोज दवाई ले रहा हूं। सो नहीं पा रहा था। सफलता तो थी, लेकिन फिर भी एक खालीपन था जिसे मैं समझ नहीं सका। मेरे पास घर था, करियर था, सब कुछ था लेकिन उदासी भी थी। अर्सलान निजामी फैमिली इशू से गुजर रहे थे। फहीम अब्दुल्ला का एग्जाम था। मोहित सर और हम सब खुलकर बात करते थे। हमने अपने अंदर का भारीपन एक-दूसरे के साथ शेयर किया। सैयारा में शामिल हर कलाकार ने इसमें अपना दर्द डाला। मुझे लगता है यही वजह है कि इसका असर इतना गहरा है।' इंटरव्यू में जब आगे तनिष्क से पूछा गया कि आपने तो इतने सारे अच्छे गाने बनाए हैं लेकिन इस बार ऐसा क्या हुआ, जो ऑडियंस को इतना पसंद आया? इस पर वो कहते हैं- 'हमने कभी भी हिट फिल्म बनाने का लक्ष्य नहीं रखा था। हम बस यही चाहते थे कि फिल्म रियल, सिंपल और ईमानदार हो। कोई ड्रामा नहीं, कोई बनावट नहीं। जब यह बना तो मैंने इसे लूप पर सुना। पहली बार, मेरे अपने गाने ने मुझे ठीक करना शुरू किया। तभी मुझे एहसास हुआ कि यह दूसरों को भी ठीक करेगा। बता दें कि 'सैयारा के टाइटल ट्रैक ग्लोबल म्यूजिक वर्ल्ड में धूम मचा रखी है। फिल्म का ये गाना अब कई इंटरनेशनल चार्ट्स में टॉप पर पहुंच गया है। बिलबोर्ड ग्लोबल 200 और स्पॉटिफाई की टॉप ग्लोबल सॉन्ग के लिस्ट में नंबर 1 बन चुका है।





# करण जौहर के साथ गहराइयां 2 भी करना चाहते हैं सिद्धांत चतुर्वेदी

**गली बॉय और गहराइयां से पहचान बनाने वाले सिद्धांत चतुर्वेदी अब धड़क 2 में नजर आ रहे हैं उन्होंने सीए से एक्टिंग तक के सफर, आउटसाइडर होने की चुनौतियों और नई फिल्म के अनुभवों पर खुलकर बात की...**

### बतौर आउटसाइडर इंडस्ट्री में अपने सफर को कैसे परिभाषित करेंगे?

मेरा सफर कभी भी पूरी तरह सहज नहीं रहा। वैसे भी, जिंदगी का रास्ता अक्सर ऊबड़-खाबड़ ही होता है। जब मैंने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की दुनिया छोड़कर अभिनय का फैसला किया, तो यह मेरे लिए एक बहुत बड़ी आंतरिक लड़ाई थी। एक तरफ सुरक्षित करियर और परिवार का सपोर्ट था, जबकि दूसरी तरफ अभिनय की दुनिया में कदम रखते ही अनिश्चितता का साया मंडरा रहा था। कोई वादा नहीं, कोई गारंटी नहीं, न लॉन्चिंग की सुविधा। उस वक्त मुझे बस खुद पर यकीन करना था। मैंने खुद से कहा, अगर मैं डूबा भी तो खुद की वजह से डूबूंगा लेकिन कोशिश में कमी नहीं रखूंगा। यह मेरे भीतर की गहन जंग थी, जिसमें खुद को लगातार समझाना पड़ता था कि मेरे सपने टूटने नहीं चाहिए।

### आपको क्या चीज प्रेरणा देती है कि आप एक्टिंग के लिए ही बने हैं?

मुझे मुझे लगता है आत्मविश्वास दो तरीकों से आता है, भरोसा और अनुभव। भरोसा तब मजबूत होता है जब आपमें यह विश्वास हो कि मैं कर सकता हूं और अनुभव के साथ यह और भी पक्का होता जाता है। बचपन में जब मैं शादियों, पारिवारिक कार्यक्रमों या गांव के आयोजनों में डीजे पर नाचता था, तो लोग बहुत खुश होते थे। उन दिनों मुझे फिल्मी डायलॉग बोलने का भी बहुत शौक था। धीरे-धीरे मुझमें भरोसा पैदा हुआ कि मैं एक्टिंग कर सकता हूं।

### सेंसर बोर्ड के कट्स से फिल्म पर क्या असर पड़ा?

नहीं, मुझे नहीं लगता कि कोई खास फर्क पड़ा है। फिल्म देखकर हमें नहीं लगा कि कुछ छूटा है जो मामूली बदलाव हुए वे इतने छोटे है कि दर्शकों को पता भी नहीं चलेगा। सेंसर बोर्ड ने भी काफी समझदारी दिखाई और एक नपा-तुला रास्ता निकाला है। इमोशन और सीन्स की गहराई वैसी की वैसी बनी हुई है।

### किस फिल्म के सीक्वल में काम करना चाहेंगे?

सीक्वल करने में मुझे कोई दिक्कत नहीं है। अगर गहराइयां 2 बनती है, तो मैं जरूर करना चाहूंगा। उस फिल्म में जो इमोशनल गहराई थी, वह मुझे अब भी बहुत ज्यादा अपील करती है। मुझे लगता है कि आज के दौर में वैसी फिल्में ही दर्शकों के दिल को छूती हैं। आम लव स्टोरीज का दौर अब थोड़ा पुराना हो गया है।

### इतने बड़े बैनर से जुड़ना आपके लिए कैसा रहा?

धर्मा प्रोडक्शंस के साथ यह मेरा दूसरा प्रोजेक्ट है। इससे पहले मैंने गहराइयां में करण जौहर के साथ काम किया था और वहां हमारी अच्छी ट्यूनिंग बनी। करण सर ने खुद मुझे कॉल करके इस फिल्म का नरेशन सुनने के लिए बुलाया। शाजिया (डायरेक्टर) और राहुल ने कहानी सुनाई और मुझे तुरंत लगा कि यह स्क्रिप्ट दमदार है। उस समय नाम धड़क 2 नहीं था। यह एक स्वतंत्र कहानी की तरह थी। मुझे यह किसी प्रेशर की तरह नहीं लगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in